RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 16 | अंक 323 | सीकर, सोमवार 19 जनवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## बिहार में दोबारा जंगलराज रोका, अब बंगाल से विदा करेंगे : पीएम मोदी

### कहा : घुसपैठ रोकने के लिए फेंसिंग जरूरी, ममता सरकार जमीन नहीं दे रही

कोलकाता/गुवाहाटी।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में कहा कि यहां की जनता अब असली परिवर्तन चाहती है। हर कोई 15 साल के महाजंगल राज को बदलना चाहता है। अभी तो बीजेपी-एनडीए ने बिहार में जंगलराज को रोका है। अब टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है।

पीएम ने सिंगूर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- घुसपैठिए बचाने के लिए टीएमसी किसी भी हद तक जा सकती है। केंद्र सरकार ने कई बार चिट्ठी लिखी कि बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन चाहिए, लेकिन बंगाल सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि घुसपैठिए इनके पक्के वोटर हैं।

पीएम ने सिंगूर में 837 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और इनॉगरेशन किया। इससे पहले सुबह पीएम असम में थे। वहां मोदी ने कलियाबोर में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। पीएम ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों- डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई।



### असम में स्पीच की बड़ी बातें...

- हर साल जब ब्रह्मपुत्र का जलस्तर बढ़ता है तो यहां के वन्यजीव ऊंचे इलाकों की ओर निकलते है। रायनो हाथी सड़क के किनारे फंस जाते हैं। इसीलिए यहां 90 किमी लंबा कॉरिडोर तैयार किया जा रहा है। इसके लिए 7 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।
- पिछले कुछ वर्षों में काजीरंगा में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। इससे गाइड, ट्रैवल एजेंसियों, होटल, हस्तशिल्प कलाकारों और स्थानीय लोगों को आय के नए अवसर मिले हैं।
- असम आज दुनिया को दिखा रहा है कि विकास के साथ-साथ विरासत को कैसे संभाला जा सकता है। दशकों तक लोगों को लगता रहा कि देश का विकास कहीं और हो रहा है और वे पीछे रह गए हैं। इस सोच को बदलने का काम किया गया और नॉर्थ ईस्ट के विकास को प्राथमिकता दी गई।
- कांग्रेस ने असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया। इनकी सरकार के दौरान असम में घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस को असम के इतिहास, संस्कृति और आस्था से कोई सरोकार नहीं था।

## जनता लिखेगी रेल मंत्री को खत


### झुंझुनू से रेलवे जंक्शन की हुंकार




बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के तत्वावधान में संचालित झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के तहत आगामी 26 जनवरी 2026 से रेल मंत्री को भेजो पोस्टकार्ड कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। इस जन आंदोलन के माध्यम से छह माह की अवधि में रेल मंत्री को 5 लाख पोस्टकार्ड भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत झुंझुनू, बगड़, चिड़ावा, मण्ड्रेला, पिलानी, सूरजगढ़, खेतड़ी, सिंघाना, जसरापुर, चनाना, उदयपुरवाटी, गुढ़ा, नवलगढ़, डूंडलोद, मुकुंदगढ़, नुआं, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी एवं बिसाऊ सहित शेखावाटी अंचल के विभिन्न कस्बों, रेलवे स्टेशनों एवं प्रमुख स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में रेल यात्रियों एवं आमजन से रेल मंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखवाए जाएंगे। अग्रवाल ने बताया कि पोस्टकार्ड के माध्यम से झुंझुनू को रेलवे जंक्शन घोषित करने की प्रमुख मांग रखी जाएगी। इसके साथ ही झुंझुनू से बिसाऊ, मंडावा, फतेहपुर शेखावाटी, रतनगढ़, मण्ड्रेला, पिलानी, सादुलपुर, चनाना, जसरापुर, खेतड़ी, निजामपुर, डाबला, सिंघाना, चिड़ावा, गुढ़ा, उदयपुरवाटी, नीमकाथाना, शाकंभरी, लोहार्गल एवं सालासर तक नई रेल लाइनों के निर्माण की मांग भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत झुंझुनू होकर अहमदाबाद, सूरत, पुणे, मुंबई, कोलकाता, गुवाहाटी, हरिद्वार, दिल्ली, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, जोधपुर, उदयपुर सिटी, श्रीगंगानगर सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए नई रेल सेवाएं शुरू करने तथा लोहारू-जयपुर-लोहारू रेलखंड पर ट्रेनों के संचालन की मांग रेल मंत्रालय तक पहुंचाई जाएगी। समिति ने आमजन, रेल यात्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस जन आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाएं ताकि झुंझुनू को उसका वर्षों पुराना रेल अधिकार दिलाया जा सके।


## कोबरी-सार




## पूर्व सीजेआई बोले- ट्रायल समय पर नहीं हो तो बेल-अधिकार

### डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- अपनी ही संस्था की आलोचना करना आसान नहीं; अदालतों में डर का माहौल

**जयपुर।** भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने कहा- नेशनल सिक्योरिटी से जुड़े कानून कई बार 'इनोसेंस' की जगह गिल्ट को प्राथमिकता देने लगते हैं। अदालतों को यह जांचना चाहिए कि क्या वाकई राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है और क्या हिरासत जरूरी और अनुपातिक है। वरना लोग सालों तक जेल में सड़ते रहते हैं। उन्होंने कहा- अगर ट्रायल उचित समय में पूरा नहीं होता तो यह संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्पीडी ट्रायल के अधिकार का उल्लंघन है। संविधान सर्वोच्च है, इसलिए एक्सेप्शन न हों तो बेल मिलनी चाहिए। उन्होंने स्वीकार किया कि अपनी ही संस्था की आलोचना करना उनके लिए आसान नहीं है, क्योंकि एक साल पहले तक वह सुप्रीम कोर्ट का नेतृत्व कर रहे थे। पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने उमर खालिद के मामले पर सवाल पर यह कहा।





## मौनी अमावस्या पर श्रद्धा का महासागर

### हरिद्वार-वाराणसी-प्रयागराज में उमड़ा आस्था का सैलाब

**नई दिल्ली। मौनी अमावस्या के अवसर पर धार्मिक नगरी हरिद्वार, वाराणसी और प्रयागराज में आस्था का भव्य संगम देखने को मिल रहा है। कड़ाके की ठंड के बावजूद सुबह-सुबह लाखों की संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचे और पवित्र स्नान किया। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच श्रद्धालु स्नान के बाद मंदिरों में दर्शन-पूजन में लीन हैं।**

## राजस्थान में बारिश का अलर्ट, बर्फीली हवा रुकी

### जयपुर सहित कई जिलों में बादल छाए



**जयपुर।** राजस्थान में बर्फीली हवा का दौर कमजोर पड़ा है। इससे तापमान में बढ़ोतरी हुई, जिससे सुबह-शाम की तेज सर्दी से थोड़ी राहत मिली। दिन और रात का तापमान भी बढ़ा है। मौसम विभाग के अनुसार 22 जनवरी से एक नया स्ट्रॉन्ग वेदर सिस्टम राजस्थान में एक्टिव होगा, जिसके प्रभाव से आधे से ज्यादा राजस्थान में मावठ होने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़,सीकर, चूरू और झुंझुनूं के कुछ इलाकों में आसमान में ऊंचाई पर बादल छाए, इन शहरों में धूप थोड़ी कमजोर रही। जबकि राज्य के शेष सभी जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप खिली।

#### दिन का तापमान 29 डिग्री तक पहुंचा

शनिवार को जैसलमेर, जोधपुर, चूरू, बीकानेर समेत कई शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री सेल्सियस चित्तौड़गढ़ में दर्ज हुआ।

#### न्यूनतम तापमान 5 डिग्री तक बढ़ा

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। सिरोही में न्यूनतम तापमान बढ़कर शनिवार को 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दौसा और करौली को छोड़कर, शनिवार को शेष सभी जिलों में न्यूनतम तापमान 5 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज हुआ।

## हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह की जन्म जयंती समारोह के पोस्टर का विमोचन



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** हाइफा हीरो अमर शहीद मेजर दलपत सिंह शेखावत का 134 वाँ जयंती समारोह एवं सामाजिक जन जागृति सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन रविवार को सीकर विधायक तथा पूर्व उद्योग मंत्री राजेंद्र पारीक ने किया।

सीकर विधायक पारीक ने कहा कि हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत ने इजराइल की धरती पर भारत के शौर्य का परचम लहराया था जिसका लोहा आज पूरे विश्व में माना जाता है उन्होंने रावणा राजपूत समाज को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे महान योद्धा की जयंती समारोह करने का निर्णय स्वागत योग्य है। आयोजन समिति के सदस्य अमर सिंह कर्णावत व किशन सिंह चौहान ने बताया कि हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत के जन्मदिवस 26 जनवरी को शहर के रानी सती गार्डन में रावणा राजपूत समाज सहित सर्व समाज द्वारा जन्म जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोस्टर विमोचन के माध्यम से रावणा राजपूत समाज सहित सर्व समाज के लोगों को जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में जुटने का आह्वान किया जा रहा है ।

#### युवा शक्ति का आह्वान

मेजर दलपत सिंह शेखावत जयंती समारोह को लेकर रावणा राजपूत समाज की ओर से शहर के युवाओं की 12 टोलियाँ बनाई है। गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जनसंपर्क कर कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

पोस्टर विमोचन के दौरान सत्यनारायण सिंह पवार, आनंद सिंह कच्छावा, विक्रम सिंह सोलंकी, कपिल सिंह परिहार, राजेंद्र कच्छावा, रविंद्र सिंह चौहान, उत्तम सिंह शक्तावत, सुरेंद्र सिंह बडगूजर उर्फसोनू, अजय पाल सिंह अग्रावत, हेमंत सिंह नरुका, भगवान सिंह गहलोत, देवेंद्र सिंह खेजडोलिया, घनश्याम सिंह देवड़ा, उमेद सिंह गहलोत, नरेंद्र सोलंकी, जितेंद्र सिंह चौहान, नटवर सिंह गहलोत, गोपाल सिंह गहलोत व रणजीत सिंह बडगूजर उर्फ जीतू सहित सैकड़ों समाज बंधु उपस्थित रहे।

## हस्तशिल्प मेले का भव्य शुभारम्भ

### भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प केंद्र है : खर्रा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के क्लस्टर विकास विभाग की मार्केटिंग योजना के अंतर्गत सीकर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा आयोजित 10 दिवसीय हस्तशिल्प मेले का स्थानीय अर्बन हाट बाजार (कृषि उपज मंडी के सामने), सीकर में भव्य शुभारंभ किया गया। मेले का विधिवत उद्घाटन स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा किया गया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, हस्तशिल्प कारीगर एवं आमजन उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात मंत्री ने मेले में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और कारीगरों से संवाद कर उनके उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर रतन कुमार स्वामी अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीकर, राजपाल यादव मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषदए सीकर तथा विकास सियाग महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र सीकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। मेले में टाई एंड डाई, लकड़ी के हस्तनिर्मित उत्पाद, धातु शिल्प, पारंपरिक सजावटी वस्तुएँ, हस्तनिर्मित वस्त्र, कसीदाकारी, बंधेज, लेदर उत्पाद, पेपर मैशी, टेराकोटा सहित अन्य स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी



लगाई गई है। कुल 20 हस्तनिर्मित उत्पादों के स्टॉल मेले में लगाए गए हैं। मंत्री एवं उपस्थित अधिकारियों ने सभी कारीगरों के स्टॉलों का भ्रमण कर उन्हें उत्पादों में नवाचार, नवीन डिजाइन एवं गुणवत्ता सुधार के लिए प्रोत्साहित किया। अपने संबोधन में मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि भारत विश्व का सर्वश्रेष्ठ हस्तशिल्प केंद्र है जहाँ दैनिक उपयोग की वस्तुएँ भी कलात्मक रूप में निर्मित की जाती हैं। ऐसे मेलों से कारीगरों की रचनात्मकता को नया मंच मिलता है और उन्हें विपणन से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कारीगरों के उत्थान हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ई-कॉमर्स एवं हस्तशिल्प मेलों के माध्यम से विपणन को सशक्त किया जा रहा है, जिससे कारीगरों को सीधा लाभ मिल रहा है। महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र सीकर ने बताया कि राजस्थान कसीदाकारी, बंधनी, मीनाकारी, आभूषण, नीले बर्तन एवं पारंपरिक शिल्प कलाओं के लिए विश्वविख्यात है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी संरक्षित होती आ रही हैं। ऐसे आयोजनों से शेखावाटी क्षेत्र के कारीगरों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल रही है। सीकर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक मनमोहन पालीवाल ने बताया कि शहर के प्रमुख स्थान पर निर्मित अर्बन हाट कारीगरों के लिए एक नई विपणन सौगात सिद्ध हो रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पधारें और कारीगरों द्वारा निर्मित उत्पादों को क्रय कर उन्हें प्रोत्साहित करें।

# मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत बैठक आयोजित

निसं



**सिंघाना ( नवयत्न )।** मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय, सिंघाना में नगर मंडल कांग्रेस कमेटी द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक का उद्देश्य मनरेगा योजना पर हो रहे कथित हमलों के खिलाफ जनजागरण की रणनीति तय करना तथा आंदोलन को घर-घर तक पहुंचाने की रूपरेखा तैयार करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुहाना के अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री किशनलाल जैदिया, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मानसिंह सहारण, मंडल अध्यक्ष अजयपाल ठिचोली, ढाणा सरपंच विकास सैनी तथा भोदन सरपंच प्रतिनिधि बिल्लू सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डीपी सैनी एवं मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया ने किया। मंच संचालन ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल ने किया। मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि मनरेगा योजना कांग्रेस की ऐतिहासिक देन है, जिसने गरीब परिवारों के घर में चूल्हा जलाने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मनरेगा के स्वरूप में बदलाव कर गरीबों के अधिकारों पर डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस जनविरोधी सोच के खिलाफ सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि पार्टी द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जो कार्यकर्ता सक्रिय रूप से कार्य करेगा, उसे ही आगे प्राथमिकता दी जाएगी। निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की पार्टी को आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और मनरेगा के लाभार्थियों तक सच पहुंचाने का आह्वान किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री किशनलाल जैदिया ने संबोधन में कहा कि मनरेगा केवल रोजगार योजना नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार है।

इसे कमजोर करना सीधे-सीधे ग्रामीण गरीबों पर हमला है। ब्लॉक अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव, उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, जय सिंह सैनी आदि ने भी अपने विचार रखते हुए आंदोलन को जन-जन तक ले जाने, गांव-ढाणियों में बैठकों और जनसंपर्क अभियानों को तेज करने पर जोर दिया।बैठक के अंत में आगामी कार्यक्रमों, प्रचार-प्रसार, रजिस्टर में कार्यवाही दर्ज करने तथा जिम्मेदारियां सौंपने का निर्णय लिया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मनरेगा बचाओ-संविधान बचाओ आंदोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। आज के कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बुहाना अध्यक्ष महावीर प्रसाद यादव, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मानसिंह सहारण, पूर्व कैबिनेट मंत्री किशन लाल जैदिया, ढाणा सरपंच विकास सैनी, भोदन सरपंच प्रतिनिधि बिल्लू सैनी, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डीपी सैनी, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल कालोडिया, मंडल अध्यक्ष अजयपाल ठिचोली, ब्लॉक उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल, संगठन मंत्री रवींद्र दत, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष लक्की शर्मा, पिंटू भार्गव, इकबाल खान, विनोद कुमार मीणा, महासचिव प्रदीप गुर्जरवास, रवि मीणा, सचिव सत्यवीर गजराज, अशोक सैनी, महेश सैनी, रणजीत सैनी, मगेज सिंह सैनी, मेहताब सिंह, आजाद सिंह, शुभकरण खटीक, राजू कुमावत, रामनिवास, नीरज कुमार, सुरेंद्र कुमार, भाताराम पंच, अजय सिंह, संजय कुमार, भूपेंद्र सैनी, नथूराम, शीशराम मीणा, पिंटू गुजरवास, संजय कुमार, विक्रम सिंह, महिपाल, अनुज कुमार, मनीष कुमार, रामप्रसाद, आकाश, राहुल सैनी, सुनील कुमार, नरेश, हिमांशु, विशाल, सुरेश, राजेंद्र कुमार, विवेक सैनी, संजय सिंह, रवि मीणा, कुलदीप डूमोली, जयसिंह, ऋषि कुमार, शेखर, घीसाराम, राजकुमार, अशोक सैनी, सुभाष मीणा, ओमप्रकाश सैनी, सचिन कुमार सैनी, नंदकिशोर, सुरेश मेघवाल, अशोक कुमार सैनी, राजवीर योगी, कृष्ण स्वामी, विक्रम सैनी, अमित, जगमोहन, बाबूलाल, रणवीर सिंह, राधेश्याम, प्रमोद, रमेश, बबली, राजेश सैनी बगड़ी, महेंद्र सैनी, अनिल, अजीत, मनीष कुमार, रमेश, रवि कुमार, नरेश सैनी, नीतीश आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौसेवा पखवाड़ा महोत्सव 2026 संपन्न



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूनम चंद छाजेड़ परिवार द्वारा प्रदत्त भूमि में संचालित सत्यम शिवम् सुंदरम गौशाला, टमकोर में 1 से 16 जनवरी तक गौसेवा पखवाड़ा महोत्सव श्रद्धा, सेवा और उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव के दौरान दानदाताओं ने खुले दिल से गौसेवा में योगदान दिया। इस पखवाड़े में गौशाला को कुल दस लाख इक्यावन हजार रुपए का नकद दान तथा एक लाख पचास हजार रुपए मूल्य की खाद्यान्न सामग्री प्राप्त हुई। प्रवासीगौभक्त भामाशाहों व ग्रामीणों ने विशेष रूप ने अपनी जन्मभूमि टमकोर के प्रति गहरा लगाव और स्नेह प्रदर्शित करते हुए लाखों रुपयों का सहयोग प्रदान किया। मकर संक्रांति के अवसर पर गौशाला परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। दिनभर गौभक्तों का गौसेवा हेतु आवागमन बना रहा और वातावरण भक्तिमय रहा। इस अवसर पर गौशाला के अध्यक्ष कैलाश जैन, सचिव रघुवीर सिंह, कोषाध्यक्ष विकास स्वामी, व्यवस्थापक सम्पत जांगिड़, उपाध्यक्ष रतनलाल मीणा, उपसचिव सुभाष शर्मा, प्रेमचंद जांगिड़, सुरेश शर्मा, जयचंद प्रजापत, पूर्णमल योगी, मोतीलाल फगेड़िया, सुरेश स्वामी, महावीर प्रजापत, माडूराम सिक्का, महेंद्र शर्मा सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। गौसेवा समिति ने गौशाला के विकास एवं संचालन में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं एवं गौभक्तों का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## अज्ञात चोरों ने किए दो ट्रांसफार्मर चोरी

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा क्षेत्र के गांवों में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर की चोरी से का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। देर रात को चोर क्षेत्र के ईलाखर गांव से दो ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए, जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चोरों एक के बाद एक वारदातों को अंजाम देने से ग्रामीणों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। क्षेत्र में लगातार हो रही ट्रांसफार्मर की चोरी पुलिस की कार्यवाही पर सवालिया निशान लगा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के सतीश के खेत में लगे ट्रांसफार्मर पर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। इस दौरान चोर बीती रात को खेत में लगे ट्रांसफार्मर चोरी कर ले गए। चोरों की ओर से उतारे गए ट्रांसफार्मर में तांबे के उपकरण व तेल को निकाल कर ले गए तथा खाली खोखे को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। डिस्कॉम के अनुसार चोरों द्वारा दी गई वारदात के दौरान लाखों रुपए के ट्रांसफार्मर चोरी किए गए हैं। आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने को लेकर डिस्कॉम कार्यालय की ओर से थाने में रिपोर्ट भी दर्ज करवाई गई है, लेकिन लगातार हो रही चोरियों पर लगाम नहीं होने से ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कुछ दिनों से ट्रांसफार्मर चोरी होने से डिस्कॉम को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की आए दिन चोरियां होने से उनकी फसलों में सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके चलते फसलों को नुकसान भी हो रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया तथा घटनास्थल का निरीक्षण करवाया। ग्रामीण इलाकों में लगातार ट्रांसफार्मर की चोरियां हो रही हैं। घटना की सूचना पर मेहाड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई।

## माकपा देगी मजबूत तीसरा विकल्प : महिपाल पूनिया



रघुवीर जोशी

**मंडावा ( नवयत्न )।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की सोनासर ब्रांच कमेटी की बैठक रविवार को सोनासर गांव में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बहादुर सिंह यादव ने की। बैठक में तहसील सचिव कॉमरेड महिपाल पूनिया मुख्य प्रवेशक के रूप में उपस्थित रहे। कॉमरेड महिपाल पूनिया ने अपने संबोधन में कहा कि माकपा मंडावा विधानसभा क्षेत्र में पंचायती राज चुनावों के दौरान जनता को एक मजबूत तीसरा विकल्प देने जा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं में फैले अराजक और भ्रष्ट तंत्र को उखाड़ फेंकना माकपा का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नाकारा राजनीतिक प्रतिनिधित्व के कारण मंडावा विधानसभा क्षेत्र पिछले 50 वर्षों से विकास में पिछड़ता चला गया है। अब समय आ गया है कि जनता ईमानदार, संघर्षशील और जवाबदेह राजनीतिक प्रतिनिधित्व का चयन करे। बैठक में रोहिताश महला, बहादुर सिंह यादव, सहीराम, मूलचंद, श्रीराम महला, भगवान सिंह, नरेंद्र सिंह, जयपाल महला एवं सुरेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से रोहिताश महला को माकपा सोनासर ग्राम कमेटी का सचिव निर्वाचित किया गया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनरेगा बचाओ जन आंदोलन को लेकर दिया धरना

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी के उपखंड कार्यालय के सामने रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से मनरेगा बचाओ जन आंदोलन के तहत धरना दिया गया। पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक दिन का उपवास रखकर मनरेगा बचाने की मांग की। उपवास कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए आजिविका का साधन है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर लोग काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने मनरेगा को खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर मनमर्जी तरीके से ईमानदार लोगों व नेताओं को डराने का प्रयास कर रही है, जिसे सहन नहीं किया जाएगा। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता केंद्र सरकार की इस प्रकार किए जा रहे कार्य का विरोध करता है तथा केंद्र सरकार अपनी हरकतों से बाज नहीं आई तो सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जाएंगे।

केंद्र सरकार की नितियों के चलते आम आदमी त्रस्त हो रहा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि यदि जल्द ही केंद्र सरकार ने आमजन के हित में फैसला नहीं लिया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएंगे। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुलचंद सैनी, प्रवीण जाखड़, रामौतार सैनी, विनोद सोनी, नासिर हुसैन, निकेश पारीक, आकाश चौधरी, बाबूलाल, विजय सिंह, महावीर प्रसाद, सत्यवीर, बुधराम, अब्दुल गफ्फार, शीशराम, राजेश गाडराटा सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## सत्यानंद गिरी की पुण्यतिथि मनाई

निसं



**लोसल ( नवयत्न )।** परमानंद धाम रामानंद गिरी का आश्रम में बाबा सत्यानंद गिरी महाराज की पुण्यतिथि महोत्सव धूमधाम से मनाई गई। इस पुण्यतिथि के अवसर पर आश्रम में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। रामानंद गिरी आश्रम के पीठाधीश्वर आकाशानंद गिरी ने बताया कि सत्यानंद बाबा की पुण्यतिथि पर शनिवार को समाधि की पूजा अर्चना हवन महाआरती की गई तो रात को भजन संध्या हुई। भजन संध्या में भजन कलाकारों ने भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। बाबा सत्यानंद गिरी की पुण्यतिथि पर शेखावाटी अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुए।

आश्रम में संत महात्माओं की समाधियों पर श्रद्धालुओं ने आस्था के शीश नवाएं। रविवार को आश्रम में पंगत प्रसादी हुई। अब पगला बाबा की पुण्यतिथि महोत्सव आएगा। रामानंद आश्रम के पीठाधीश्वर आकाशानंद गिरी ने बताया कि 25 जनवरी को पगला बाबा विवेकानंद गिरी एवं एक फरवरी को परमहंस बाबा परमानंद की पुण्यतिथि महोत्सव मनाया जाएगा।

## विभिन्न जन समस्याओं को लेकर पालिका का घेराव आज

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर कस्बे की विभिन्न जनसमस्याओं व वार्ड परिसीमन में अनियमितताओं को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा, कामगार समाज, भीम आर्मी, आरएलपी आदि संगठनों के द्वारा आज नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

संगठनों ने सामूहिक बैठक में आरोप लगाया था कि परिसीमन के दौरान भारी हेराफेरी की गई है । एससी के वार्डों को काफी निशाना बनाते हुए तीन वार्डों को मिलाकर एक बना दिया गया है। जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है । बताया गया कि पालिका द्वारा कई विकास कार्यों के वर्क आर्डर जारी नहीं किए जा रहे हैं वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक एक भी आवेदन स्वीकृत नहीं किया गया है। काफी जगहों पर सड़क एनाली, झेकरा ग्रेवल रोड जैसी सुविधाओ से भी वंचित है। आरोप लगाया है कि पालिका में कांग्रेस और भाजपा की मिलीभगत से बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार काफी घोटाले हुए हैं । इन सभी समस्याओं को लेकर आज नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।

## महालक्ष्मी धाम में विशिष्ट जनों का हुआ सम्मान

निसं



**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर की कॉलेज रोड पर शनि मंदिर के पास स्थित सनातन आश्रम में रविवार को अभिनंदन समारोह हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि आईजी अजयपाल लाम्बा के पिता शिक्षाविद बालचंद लाम्बा थे। उन्होंने लोगों को सनातन धर्म से जोड़ने में साहित्य और धर्म स्थलों की भूमिका को अहम बताते हुए सभी को सनातन से जोड़ने और प्रतिदिन मंदिर अवश्य जाने आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सनातन आश्रम के प्रणेता वाणीभूषण पंडित प्रभुशरण तिवाड़ी ने कहा कि संस्कृति के उत्थान के लिए समाज को जागृत होना आवश्यक है और धर्म के प्रचार प्रसार के लिए युवाओं को आगे आना होगा। कार्यक्रम में शिक्षाविद बालचंद लाम्बा, देशराज थेबड़ सिरोही, उदयपुरवाटी के पूर्व प्रधान मदनलाल भांवरिया, समाजसेवी और महालक्ष्मी ज्वेलर्स के निदेशक मंदरूप सिंह मांठ, सुभाष बड़सरा, आर्यन चनानिया और धर्मपाल जाखड़ सुनारी का साफा, दुपट्टा और माला पहनाकर अभिनंदन किया। तिवाड़ी ने सभी को मंगलपाठ की पुस्तके भेंट की। अतिथियों ने आश्रम में स्थित रिद्धि सिद्धि विनायक शुभ लाभ दरबार, महालक्ष्मी धाम, बावलिया बाबा मंदिर और भायला हनुमान मंदिर में दर्शन भी किए और यहां का इतिहास जाना। इस मौके पर गिरधर गोपाल महमिया, रतिराम राजोतिया, पंडित मातादीन महर्षि, सज्जन शर्मा, वेदांत तिवाड़ी सहित अन्य मौजूद रहे।

## तीन दुकानों के शटर तोड़कर की चोरी, लाखों रूपए का सामान किया पार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के रामपुरा बस स्टैंड पर देर रात चोरों ने तीन दुकानों के शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने एक साथ तीन दुकानों से लाखों रूपए का सामान पार कर दिया। चोरों ने किराणा दुकान, एक पशु आहार की दुकान तथा एक नाई की दुकान को निशाना बनाया। जानकारी के अनुसार किराणा की दुकान में पिछले छह माह में यह दूसरी बार चोरी की घटना हुई है, जिससे दुकानदारों में भय का माहौल है। चोरी की सूचना मिलने पर मेहाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना कर जांच शुरू की। व्यापारी मूलचंद ने बताया कि रात को दुकानों को बंद कर अपने घर गए थे। सुबह आसपास के लोगों ने सूचना दी कि दुकानों के ताले टूटे हुए हैं। जब उन्होंने मौके पर आकर देखा तो दुकान में सामान बिखरा हुआ था।

इस दौरान जब सामान की जानकारी जुटाई तो काफी सामान गायब मिला। इस दौरान व्यापारियों ने बताया कि तीन से चार लोग वारदात करने के लिए आए थे, जो चोरी की वारदात कर फरार हो गए। व्यापारियों ने बताया कि यह क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण चोर वारदात करने के बाद हरियाणा की ओर भाग जाते है। पूर्व में हुई चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने पर व्यापारियों में आक्रोश बना हुआ। इस दौरान उन्होंने पुलिस से प्रभावी गश्त कर लगातार हो रही चोरियों पर रोक लगाने तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा करने की मांग की है। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालें जा रहे हैं। वारदात के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर खुलासा किया जाएगा।

## नेशनल साइंस ओलंपियाड में प्रिंस को रिकॉर्ड 597 पदक

सुरेन्द शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सीकर स्थित प्रिंस एजुकेशन हब के विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड 597 पदक जीते हैं। विद्यार्थियों द्वारा हासिल पदकों में 18 इंटरनेशनल ब्रॉन्ज मेडल, 4 जोनल ब्रॉन्ज मेडल, 91 गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन व 484 गोल्ड मेडल ऑफएक्सीलेंस शामिल हैं। साइंस ओलंपियाड का उद्देश्य स्टूडेंट्स में साइंटिफिक थिंकिंग, एनालिटिकल व लॉजिकल एबिलिटी डेवलप कर प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु तैयार करना है। इस सफलता पर प्रिंस, जुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढ़िल्लन सहित प्रबंधन सदस्यों व फैकल्टी मेंबर्स ने पदक विजेता विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाइयां दी।

## रामचरित मानस मानव को आत्म कल्याण की शिक्षा देती है : कृष्णा महाराज



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के श्री महावीर सेवा संस्थान व श्री श्याम गौशाला समिति की ओर से गौ सेवार्थ श्रीरामचरित मानस व्याख्यान का पंच दिवसीय आयोजन श्री संकट मोचन बालाजी धाम के प्रांगण में शुरू हुआ। व्यास पीठ पर विराजित कथा वाचक योगी निवृत्तिनाथ कृष्णा महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति के पांच आधार स्तंभ गंगा एगीता एगायत्री, गौ और गुरु है। गंगा मानव के समस्त पापों का नाश करती है। गुरु के बिना गीता का ज्ञान नहीं होता गुरु ही इनका महत्व समझाता है। बिना गौ के भगवान भी नहीं, चारों पुरुषार्थ गौ की साधना में है। गौ माता की सेवा साक्षात भगवान की सेवा है। मानस प्रवचन शुरू होने से पूर्व सेवा संस्थान के विनोद डागा, रमेशचंद्र इंदौरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष संतोष बाबू इंदौरिया, रामचंद्र दायमा, बछराज सोनी, नरेंद्र झवर, जगदीशप्रसाद भूत, संजय चौधरी, विनोद झजड़, कुणाल व्यास ने व्यास पीठ पर विराजित महाराज का नगर की ओर से शाल, साफा, पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, ताप बोथरा, विनोद चोटिया, वासुदेव सांगानेरिया, डूंगरमल खटीक, वीरेंद्र रॉयल आदि उपस्थित थे।

# अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस बरामद

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान टीम ने थाना क्षेत्र के दो स्थानों पर दबिश देकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से एक देशी पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि एजीटीएफ एडीजी एम एन दिनेश के निर्देश पर जिले में अवैध हथियारों पर कार्रवाई को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस व एजीटीएफ की संयुक्त रूप से कार्यवाही को अंजाम देने के लिए भेजा गया। जिस पर टीमों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए चिरानी निवासी हार्डकोर अनिल उर्फसुनील के भाई विक्रम गुर्जर के घर दबिश दी। इस दौरान टीम ने मौके से विक्रम गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 28 कारतूस बरामद किए। इसके अलावा बंधा की ढाणी तन पपुरना में हिस्ट्रीशीटर संजय उर्फबचिया के घर दबिश देकर उसके भाई निखलेश के कब्जे से एक देशी पिस्टल व 3 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इसके अलावा एजीटीएफ की टीमों ने खेतड़ी के कई स्थानों पर दबिश दी है। उन्होंने बताया कि खेतड़ी का क्षेत्र पहाड़ी क्षेत्र व हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण बदमाशों द्वारा अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने की सूचना मिल रही थी।

जिस पर उनके खिलाफ कार्रवाई कर प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान टीम में एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत, एजीटीएफ डीएसपी रविंद्र प्रताप, भंवरलाल, खेतड़ी डीएसपी जुल्फीकार अली के अलावा खेतड़ी, खेतड़ीनगर, मेहाड़ा, बबाई थानों का पुलिस जाब्ता शामिल था।

# विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित



निसं

**रींगस ( नवयत्न )।** कस्बे के मठ मंदिर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन साधु सतों के सानिध्य में किया गया। इस दौरान हिन्दू समाज की एकता के प्रतिक विभिन्न जातियों ने अपने अपने आराध्य देव की शोभायात्रा निकाली गई। सभी झाकियां आजाद चौक से एक साथ निकाली गई। इस दौरान पुलिस भी सावचेत नजर आई। मठ मंदिर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में एक ही मंच पर साधु सन्तों के सानिध्य में विभिन्न जातियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। संघ के प्रांत प्रचारक बाबूलाल ने कहा कि हमें आपसी वैमन्यता को दरकिनार कर समाज में व्याप्त भेद को मिठाना होगा। सभी जातियां एक साथ आगे बढ़ेगी तो देश की तरक्की में भी अहम योगदान बनेगा इने जातियों में नहीं बढ़ कर अपने सस्कारों की ओर वापस लौटना है। सनातन संस्कृति, आपसी सद्भावना, एकजुटता पर बल दिया। वैद्य शिंभूदयाल शर्मा ब्राहमण महासभा के अध्यक्ष कैलाश वशिष्ठ, जाट फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. भवर सिंह सहित अनेक साधु सन्तों ने सम्बोधित किया। शिम्भूदयाल शर्मा ने कहा कि मैं उस देश का वासी हूँ जिस देश में गंगा बहती आप सभी व मेरे को यह सौभाग्य मिला है। अब हमें आपसी भेदभाव को मिटाकर एकजुट रहना है। जातियों में बटे रहोगे तो विकास भी कोसों दूर रह जायेगा। सम्मेलन में आपसी संबंध को मजबूत कर एकजुटता का संदेश दिया गया। मंच का संचालन संदीप शर्मा व मदन लाल सैनी ने किया। इस दौराज राममूर्ति महाराज, मोहनदास महाराज, लक्ष्मणदास महाराज, गोविन्द महाराज, सर्व समाज के मामराज गुर्जर, झबर मल सोनी, कुलदीप, गिरधारी चौहान, रामवतार, कैलाश चन्द्र छीपा, कौशल्या देवी सहित हजारों लोग मौजूद थे। शोभायात्रा सम्मेलन में सर्वसमाज की ओर से शोभायात्रा निकाली गई। यह विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर में पहुंची। बैण्ड बाजों व डीजे पर भक्तिमय गीतों के बीच शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। यह पहला मौका है जब हिन्दू समाज के सभी वर्ग अपने अपने आराध्य की एकसाथ शोभायात्रा का आयोजन किया। सम्मेलन में जाट समाज, नामदेव समाज, स्वर्णकार समाज, खटीक समाज, गुर्जर समाज सहित अनेक समाज सेवी संगठन जुटे थे। कार्यक्रम का समापन हनुमान चालिसा से किया गया। इस दौरान प्रसादी का वितरण किया गया पुलिस व्यवस्था में जाब्ता तैनात रहा।

# बीस से अधिक पदक जीतने वाली सैनी सम्मानित

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** स्वेज फार्म सोडाला स्थित राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के स्नेह मिलन समारोह में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाली खिलाड़ी सरिता सैनी को सम्मानित किया गया। समारोह में समाज के गणमान्य लोगों की मौजूदगी रही। सरिता सैनी ने अब तक 20 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर प्रदेश, देश और समाज का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पति हंसराज सैनी कांग्रेस मंडल अध्यक्ष को देते हुए कहा कि उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाई हैं। साथ ही उन्होंने अपने कोच अजय धमेजा के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया। समारोह के दौरान सरिता सैनी को राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा की जयपुर जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर महासभा की जयपुर जिला अध्यक्ष काजल सैनी ने उन्हें बधाई देते हुए आशा जताई कि सरिता आगे भी खेल जगत में नई उपलब्धियां हासिल कर समाज और प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगी।

# शिक्षा का महाकुंभ जयपुर एजुकेशन समिट आज से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर एजुकेशन समिट जेईएस का भव्य शुभारंभ 19 जनवरी 2026 से होने जा रहा है। यह आयोजन प्रख्यात समाजसेवी स्व लक्ष्मण राम नरनौलिया की स्मृति में आयोजित समिट का उद्घाटन सेंट जेवियर्स स्कूल नेवटा जयपुर में किया जाएगा। मुख्य आयोजक सुनील नरनौलिया और सेंट ज़ेवियर्स स्कूल, नेवटा के प्रिंसिपल तथा आयोजन के सह आयोजक फादर संगीत राज एस.जे. ने बताया कि यह छह दिवसीय शिखर सम्मेलन ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा, जिसमें कुल 45 सत्रों का आयोजन होगा। इन सत्रों में शिक्षा, सामाजिक सरोकार, समान अधिकार, संस्कार, मानसिक स्वास्थ्य, साहित्य, संगीत और समकालीन चुनौतियों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार.विमर्श किया जाएगा। समिट में देश-विदेश से 100 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ता अपनी विशेषज्ञता साझा करेंगे। प्रमुख वक्ताओं में पद्मश्री सुंडा राम, पद्मश्री जगदीश प्रसाद पारिक, कृषि थिंक टैंक प्रो. डॉ. एन.एस. राठौड़, सामाजिक कार्यकर्ता भंवर मेघवंशी, पूर्व आईपीएस सत्यवीर सिंह, नौरती देवी, राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. श्यामलाल, एमडीएस विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के.के. शर्मा और पत्रकारिता विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. सुधि राजीव शामिल हैं। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक सत्रों में बॉलीवुड गायक रविंद्र उपाध्याय, समर्थ स्वरूप, प्रसिद्ध गजल कलाकार जावेद अहमद हुसैन, डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल, रतन कुमार सांभरिया, लोकेश सिंह साहिल, इकराम राजस्थानी, रेशमा खान और वरिष्ठ पत्रकार डॉ. महेंद्र मधुप अपने विचार एवं प्रस्तुतियां देंगे। मानसिक स्वास्थ्य एवं प्रेरणा से जुड़े सत्रों में प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. शिव गौतम, मोटिवेटर पी.एम. भारद्वाज, डॉ. महेंद्र आनंद, साथ ही प्रसिद्ध हीलर्स एवं साइकोलॉजिस्ट के.के. भगचंदानी, मधु सिंह, रितिका फुर्ताडो शर्मा और डिंपल राणावत शामिल होंगे।

# सामाजिक जागरूकता सम्मेलन को लेकर कुरैशी महासभा में मंथन

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कुरैशी महासभा संस्थान जिला झुंझुनू की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहम्मद अली खोखर ने की जबकि यूथ विंग जिला अध्यक्ष अदनान खत्री भी संयुक्त रूप से उपस्थित रहे। बैठक में 22 जनवरी को आयोजित होने वाले सामाजिक जागरूकता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर विस्तार से मंथन किया गया तथा प्रदेश एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक को प्रदेश महासचिव एवं पूर्व चेयरमैन नवलगढ़ शोएब खत्री, महासचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी, उमर कुरैशी, जिला यूथ विंग अध्यक्ष अदनान खत्री, प्रदेश महासचिव जमालुद्दीन कुरैशी, मोहम्मद फारूक कुरैशी एवं मोहम्मद सफी नागौरी ने संबोधित किया। प्रदेश महासचिव मोहम्मद जुबैर कुरैशी ने बताया कि 22 जनवरी को कुरैशी महासभा संस्थान राजस्थान के तत्वावधान में सामाजिक जागरूकता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में युवाओं को राजनीतिक जागरूकता, महिला उत्थान, दीनी एवं तालीमी बेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष हाजी मकबुल मंड्रेलिया, प्रदेश सचिव साजिद सुलेमानी कुरैशी, प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं लक्ष्मणगढ़ चेयरमैन मुस्तफा कुरैशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंसाफ अली कुरैशी एवं रशीद अहमद सहित अन्य प्रदेश पदाधिकारी संबोधित करेंगे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, समाज में शिक्षा, एकता और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने पर भी विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी फयूम कुरैशी, जिला उपाध्यक्ष तौफीक सैय्यद, जाफर, अब्दुल रहमान सैय्यद, जिला महासचिव रफीक खोखर, जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल जब्बार फौजी, सह सचिव अय्यूब कबाड़ी, जिला महासचिव अनवर सैय्यद, जुबेर सैय्यद, सब्बीर सैय्यद, अयुब बड़गुजर, साद्दीक सैय्यद, आरिफ तंवर कबाड़ी, इरफान कबाड़ी, सलीम कबाड़ी सहित पिलानी से जाफर कुरैशी, चिड़ावा से गफ्फार कुरैशी, केड से अब्दुल गफ्फार, मलसीसर से मंजूर कुरैशी, सोयब दानका, दाऊद कुरैशी, साहिल कुरैशी, डूंडलोद से अयुब कुरैशी, वाहीद कुरैशी, नवलगढ़ से इदरीस, जिंद्रान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने की वॉइसेज ऑफफेथ की घोषणा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व भर के धर्मों की मूल आस्थाओं और आदर्शों का अन्वेषण करने वाला महोत्सव वॉइसेज ऑफ फेथ अपने दूसरे संस्करण के साथ 13 से 15 मार्च 2026 तक लंदन के बार्बिकन सेंटर में पुनः आयोजित होगा। इन तिथियों की घोषणा चल रहे 19वें जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में रविवार को टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय ने की। इस अवसर पर यूएस, यूके और इजरायल में भारत के पूर्व राजदूत और पुरस्कार विजेता लेखक और कॉलमनिस्ट, नवतेज सरना, और ऑक्सफोर्ड सेंटर फॉर हिंदू स्टडीज के संस्थापक निदेशक, शौनक ऋषि दास भी उपस्थित थे। वॉइसेज ऑफ फेथ की परिकल्पना और निर्माण टीमवर्क आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे द कामिनी एंड विंदी बंगा फाउंडेशन द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। यह मंच प्रमुख विद्वानों, लेखकों, चिंतकों और कलाकारों को एक साथ लाता है। जहां संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से आस्था, विश्वास, करुणा और विभिन्न धर्मों के बीच आपसी जुड़ाव पर चिंतन किया जाता है। उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए फेस्टिवल के प्रवक्ताओं ने एक लगातार अधिक विभाजित होती दुनिया में आस्था पर सूक्ष्म और सार्थक संवाद की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। उन्होंने वॉइसेज ऑफ फ्रेथ को सहानुभूति, करुणा और मानवीय जुड़ाव के एक सशक्त मंच के रूप में प्रस्तुत किया। महामारी के दौरान एक सफल डिजिटल श्रृंखला के रूप में आरंभ हुआ यह फेस्टिवल, सभी आस्थाओं की सार्वभौमिकता को रेखांकित करने की दिशा में एक अत्यंत आवश्यक पहल है।

# ग्वार चोरी करने वाला 10 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** सरदारशहर व तारानगर क्षेत्र में लग्जरी गाड़ी में ग्वार चोरी करने वाले 10 साल से फरार चल रहे आरोपी को जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा और हेड कांस्टेबल मंगलसिंह ने रावतसर निवासी 41 वर्षीय देवीलाल पुत्र बनवारीलाल नायक को रावतसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर अलग.अलग पुलिस थानों में आधा दर्जन से मामले दर्ज हैं। जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी हेड कांस्टेबल संजय कुमार बसेरा ने बताया कि लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए चुरु पुलिस अधीक्षक जय यादव के निर्देशन पर हमारी एक विशेष टीम का गठन किया गया है जिसमें हेड कांस्टेबल मंगलसिंह के साथ मिलकर लंबे समय से फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में लग्जरी गाड़ी में ग्वार चोरी करने वाले आरोपी देवीलाल नायक जो 10 साल से फरार चल रहा था उसको रावतसर से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपी पर 2015 में सरदारशहर ओर तारानगर पुलिस थाने में मामले दर्ज है। उन्होंने कहा कि 2015 में ग्वार के भाव 30 हजार प्रति क्विंटल से भी ज्यादा थे। जिसका फायदा उठाते हुए आरोपी लग्जरी गाड़ में घरों से गवार चोरी कर फरार हो जाता था। वहीं उन्होंने कहा कि अब आरोपी को सरदारशहर पुलिस थाने से तारानगर पुलिस के हवाले किया गया है।

# उम्र को मात देता जज्बा : पूनिया परिवार बना प्रेरणा

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** उम्र तो बस एक नंबर है, यह पंक्ति चूरू जिले के गांव पुनिया की ढ़ाणी में रहने वाले हनुमानराम पुनिया पर अक्षरशः सटीक बैठती है। 93 बसंत देख चुके हनुमानराम आज भी उसी जोश, उमंग और आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरते हैं, जैसा किसी युवा खिलाड़ी में देखने को मिलता है। हैरानी की बात यह नहीं कि वे प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, बल्कि यह कि वे जीतकर लौटते हैं, और नए कीर्तिमान गढ़ते हैं। हनुमानराम रोजाना व्यायाम करते हैं, खेलों की प्रैक्टिस करते हैं और शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखते हैं। उनके साथ कदम से कदम मिलाकर दौड़ते हैं 73 वर्षीय बीरबलराम पुनियाकृजो इस उम्र में भी दौड़ लगाते हैं, बच्चों की तरह जंप करते हैं और गोला फेंकते वक्त बड़े-बड़े पहलवानों को भी पीछे छोड़ देते हैं। दोनों हर दिन मैदान में पसीना बहाते हैं। खास बात यह कि हनुमानराम को प्रशिक्षण उन्हीं के बेटे, 50 वर्षीय रतिराम पुनिया देते हैं, यानी यह जुनून पीढ़ियों तक फैला है। हाल ही में अलवर के आरआर कॉलेज में आयोजित राजस्थान स्टेट मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुनिया परिवार ने इतिहास रच दिया। हनुमानराम पुनिया 90 आयु वर्ग ने 5000 मीटर पैदल चाल और गोला फेंक में स्वर्ण पदक, जबकि भाला फेंक में रजत पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। बीरबलराम पुनिया 70 आयु वर्ग ने त्रिकूट स्वर्ण पदक और गोला व तश्तरी में रजत पदक अपने नाम किए। रतिराम पुनिया 50 आयु वर्ग ने त्रिकूट और गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीतकर परिवार की जीत की परंपरा को आगे बढ़ाया। 93 वर्षीय हनुमानराम कहते हैं, मैं बाजरे की रोटी और घी खाता हूं। पैदल चाल में भाग लिया, गोला फेंका। मुझे हार्ट अटैक का कोई डर नहीं। खेल हमें युवा रखते हैं। वे युवाओं से नशे से दूर रहने, नियमित व्यायाम करने और फिट रहने की अपील करते हैं। रतिराम पुनिया, जो गांव कल्याणपुरा में निरंकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय का संचलन करते हैं, अपने पिता और चाचा से प्रेरणा लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं। उनका संदेश साफ है, यह उम्र आराम की नहीं, अपने काम की है। खेल और कसरत से जुड़े रहो, तभी बीमारियों से दूर रहोगे। वहीं बीरबलराम का मानना है कि बुजुर्गावस्था में आराम की सोच बदलनी चाहिए। अब खुद के लिए जीने की उम्र है। मैं रोज सुबह-शाम ट्रैक पर कसरत और दौड़ करता हूं, इसी जज़्बे से हमने प्रतियोगिताओं में दबदबा बनाया है। हनुमानराम 90 और बीरबलराम 73 का सपना एशियाड में खेलकर पदक लाना है, और इस सपने को साकार करने के लिए वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। आज जब युवा छोटी चुनौतियों से घबराकर हार मान लेते हैं, वहीं ये बुजुर्ग अपने कर्म और खेल भावना से समाज को यह संदेश दे रहे हैं कि हौसला हो तो उम्र कभी आड़े नहीं आती-मैदान आज भी जीत का इंतज़ार करता है।

# 115वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

निसं




**रींगस ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब रींगस द्वारा कस्बे की श्री रामानंद पाठशाला में रविवार को सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक 115वां निःशुल्क चिकित्सा शिविर व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ताखर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का विशेष सहयोग रहा। शिविर का शुभारंभ रोटेरियन डॉ. अजय सक्सेना, सहप्रांतपाल डॉ. भंवर सिंह ताखर, रोटरी अध्यक्ष अर्जुन सिंह लांबा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ताएपी एस राजपूत, रघुनाथ जाट, सुभाष बिजारणिया, एडवोकेट दीपक बाजिया, रोटरी सचिव राजेंद्र यादव द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर संयोजक झाबरमल निठारवाल ने बताया कि रोटरी क्लब रींगस द्वारा यह निःशुल्क चिकित्सा व नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को किया जाता है। शिविर में जगदीश प्रसाद द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ. भंवर सिंह ताखर द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा, डॉ. विनोद कुमार गुप्ता द्वारा बाल एवं शिशु रोग व पी एस राजपूत द्वारा घरेलू नुस्खों से 74 मरीजों का इलाज किया गया। शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर की टीम द्वारा 75 नेत्र रोगियों की जांच कर 44 रोगियों को लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित किया गया। नेत्र लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयनित मरीजों को जयपुर ले जाकर लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा व वापस रींगस छोड़ा जाएगा। रोटरी क्लब रींगस द्वारा आयोजित शिविरों में अब तक 3195 लेंस प्रत्यारोपण कर लोगों को आंखों की रोशनी प्रदान की गई है। शिविर में शंकरा आई हॉस्पिटल से डॉ. ईशा, डॉ. प्रिया, शिविर प्रभारी दीनदयाल पंवार, नर्सिंग स्टाफअनीता यादव, अनसूया, अनुराधा, नवजोत ने अपनी सेवाएं दी।

सुमित काबरा ने होम्योपैथिक चिकित्सा दवा वितरण में सहयोग प्रदान किया। रोटरी क्लब रींगस द्वारा फरवरी माह में निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण रविवार 15 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सीसीए शिक्षण संस्थान के स्काउट अनुष सैन, दिग्वेंद्र सिंह, नितेश सामरिया, प्रिंस योगी ने सहयोग प्रदान कर शिविर को सफल बनाया।

# भागवत कथा में ध्रुव चरित्र व प्रहलाद चरित्र का सुनाया वृतांत




निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** भोला बाबा बगीची में ब्रह्मलीन जसनाथी संत पुष्कर नाथ महाराज की 20 बरसी पर बगीची महंत सोमनाथ महाराज, संत सुरजीत नाथ महाराज के सानिध्य में 5 कुंडिय अन्नपूर्णा रुद्र महायज्ञ व भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । तीसरे दिन की कथा में कथा वाचक नापासर के पंडित केदार जोशी ने ध्रुव चरित्र प्रहलाद चरित्र आदि का वर्णन किया। भरत चरित्र का वर्णन करते हुए यह बताया कि जो संसारी लोग संत का संग करते हैं। उनकी स्थिति उच्च हो जाती है, इसलिए संत को संसार के पदार्थों की आसक्ति से दूर रहना चाहिए। नरक का वर्णन करते हुए कहा कि जो हम पाप करते हैं वही एक प्रकार से नर्क की प्राप्ति कराने वाला होता है। पाप कर्म से बचना व तुच्छ कर्मों से बचना ही सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इस मौके पर संत प्रेमनाथ, संत काननाथ ए संत नंदी नाथ, शिवालय पुजारी रामचंद्र, अर्जुन, महेश शर्मा यज्ञ यजमान हुणतनाथ सिद्ध, हीरानाथ सिद्ध बाददीया, मंगतमल नाई, रायचंद नाई, दामोदर शर्मा, मुनालाल प्रजापत, भागवत के यजमान गिद्दाराम सुथार सपत्नीक रहे । रविवार को यज्ञ में तीसरे दिन 16000 हजार आहुतियां दिव्या रूद्र अन्नपूर्णा माता महायज्ञ में विश्व कल्याण की मंगल कामना की । कार्यक्रम में बालाजी मंदिर पुजारी प्रहलाद शर्मा, बाबूलाल तिवाड़ी, बलदेव शर्मा भानूदा, हनुमान माली, दुलीचंद माली, देवकिशन सुथार, हेमराज सुथार, सुशील सुथार, मुरारी प्रजापत, सीताराम श्योराण, भीकमचंद सुथार, भवानी मंत्री, नंदू माली, संतोष नाई, दौलतराम जाट, नागरमल शर्मा, नौरतमल नाई, सांवरमल खडोलिया, नंदू, विजय प्रजापत आदि ने पूजा अर्चना की।

# समाजसेवी कंदोई ने करवाया टिन शेड का निर्माण

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर के समाजसेवी राजकुमार कंदोई ने श्री कृष्ण गौशाला ढ़ाणी कुम्हारान में 50 हजार रुपए की लागत से अंधे व विकलांग गोवंश के लिए एक टिन शेड का निर्माण करवाया है। प्रेरक सुरेंद्र दीक्षित ने बताया कि समाजसेवी राजकुमार कंदोई, उनकी पत्नी निर्मला देवी कंदोई, पवन जैन, उनकी माता सुमित्रा देवी आदि ने मौनी अमावस्या के दिन रविवार को गौशाला पहुंचकर टिन शेड का लोकार्पण कर उसे गोशाला के सुपुर्द किया। सभी ने गौशाला में गोवंश को गुड़ खिलाकर गोसेवा की। गौशाला अध्यक्ष ताराचंद प्रजापत व सचिव संतलाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रेरक दीक्षित ने बताया कि यह टिन शेड सर्दियों में गर्म व गर्मियों में ठंडा रहेगा। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# विराट हिन्दू सम्मेलन 8 फरवरी को, पोस्टर का किया विमोचन

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** 8 फरवरी को शहर के राणी सती मंदिर में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर वीर सावरकर हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की बैठक रविवार को हुई। माथुर बस्ती स्थित आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित बैठक में हिंदू सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन कर आयोजन समिति का गठन किया गया। हिंदू सम्मेलन 8 फरवरी को दोपहर एक बजे राणी सती मंदिर में होगा। हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति ने सर्व समाज के गणमान्य जनों से सुझाव आमंत्रित किए। सुझावों के अनुसार हिंदू सम्मेलन को आयोजित करने का तय किया गया। बैठक में तय किया गया कि हिंदू सम्मेलन में सर्वसमाज के लोगों की मातृ शक्ति के साथ भागीदारी रहे ऐसे प्रयास सभी को मिलकर करने हैं। संतों के सानिध्य में नवाचारों के साथ होने वाले हिंदू सम्मेलन को भव्य रूप से मनाने का निर्णय किया गया। तैयारियों को लेकर आयोजन समिति की बैठकें लगातार होगी, जिसमें हिंदू सम्मेलन को ओर अधिक भव्य बनाने को लेकर चर्चा की जाएगी। बैठक में बैठक में नवरंग शर्मा, निर्मल शर्मा, प्रमोद शंकर दीक्षित, सीए उदेश घासोलिया, अरूण कुमार माथुर, प्रदीप अग्रवाल, शंकर सिंह उग्रावत, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, काशी प्रसाद माऊका, सज्जन गाड़ोदिया आदि मौजूद रहे।

# 26 जनवरी से होगा अंतर्राष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट


निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कोग्निवेरा आईटी सॉल्यूशंस और राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से आयोजित होने वाले कोग्निवेरा पोलो कप 2026 की भव्य ट्रॉफी का जयपुर में अनावरण किया गया। लगभग सात फीट ऊँची यह ट्रॉफी दुनिया की अब तक की सबसे ऊँची पोलो ट्रॉफी है। जिसने चेन्नई के कोलांका कप के छह फीट ऊँचाई के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड में ट्रॉफी का अनावरण किया गया। जिसमें सवाई पद्मनाभ सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह ट्रॉफी पोलो की समृद्ध विरासत, गौरव और खेल उत्कृष्टता का प्रतीक मानी जा रही है। 26 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक जयपुर में आयोजित होने वाले इस आठ-गोल अंतरराष्ट्रीय पोलो टूर्नामेंट में भारत और विदेशों की शीर्ष टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट लीग व नॉकआउट मुकाबलों के बाद 1 फरवरी को फाइनल के साथ संपन्न होगा।

## सम्पादकीय

# बिना शिक्षकों के शिक्षा, सुप्रीम कोर्ट को देना पड़ा भर्ती का आदेश



यह एक विडंबना ही है कि सुप्रीम कोर्ट को उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों को चार माह के अंदर भर्ती करने के आदेश देने पड़े। इसके प्रति तो सरकारों को सजग रहना चाहिए था। चूंकि वे इसे लेकर तत्पर नहीं कि शिक्षकों के रिक्त पद प्राथमिकता के आधार पर भरे जाएं, इसलिए सरकारी और साथ ही निजी क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में बड़ी संख्या में शिक्षकों के पद रिक्त हैं। यह ठीक नहीं कि जो काम सरकार को करना चाहिए, वह सुप्रीम कोर्ट को करना पड़ा। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार शिक्षकों के पद वर्षों तक खाली पड़े रहते हैं। स्थिति कितनी खराब है, इसका पता इससे चलता है कि शिक्षकों के रिक्त पदों की समस्या से केंद्रीय विश्वविद्यालय भी जूझ रहे हैं।

इसका मतलब है कि शिक्षा मंत्रालय भी इसके प्रति सजग नहीं कि शिक्षकों के पद लंबे समय तक रिक्त न रहें। सजगता के इस अभाव के चलते कई विश्वविद्यालयों में तो कुलपति के पद भी रिक्त बने रहते हैं। समझना कठिन है कि ऐसा क्यों है निःसंदेह यह नहीं कहा जा सकता कि शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने के लिए योग्य अभ्यर्थियों का अभाव है।

शिक्षकों के पद रिक्त रहने से शिक्षा संस्थानों में कई तरह की समस्याएं घर कर जाती हैं। इसके चलते पठन-पाठन तो प्रभावित होता ही है, छात्रों की परेशानियां भी बढ़ जाती हैं। इन्हीं परेशानियों पर विचार करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों और गैर शिक्षकों के पद बड़ी संख्या में खाली पड़े हुए हैं।

इसे इससे समझा जा सकता है कि बिहार के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के चार हजार पद रिक्त हैं। हरियाणा में किसी विश्वविद्यालय में छह साल से तो किसी में आठ साल से प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती नहीं हुई है। नतीजा यह है कि करीब 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के 19 सरकारी विश्वविद्यालयों में से 15 में शिक्षकों के 70 प्रतिशत से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। यही स्थिति अन्य राज्यों में भी है।

इसका अर्थ है कि उच्च शिक्षा भगवान भरोसे चल रही है। यह दयनीय दशा तब है, जब नई शिक्षा नीति लागू हुए पांच वर्ष बीत गए हैं और उसमें छात्र-शिक्षक अनुपात पर विशेष बल दिया गया है। समस्या केवल यह नहीं कि शिक्षकों के ही पद बड़ी संख्या में रिक्त हैं। शिक्षकों के साथ-साथ गैर शिक्षकों के भी पद रिक्त हैं। यह और कुछ नहीं उच्च शिक्षा के ढांचे को कमजोर करने वाली स्थिति ही है। यह समझने में देर नहीं करनी चाहिए कि उच्च शिक्षा के स्तर में बहुत सुधार की आवश्यकता है और इसकी पूर्ति शिक्षकों के पद रिक्त रहते हुए संभव नहीं।

## विशेष आलेख

# सनातन के गुप्त साधक थे नेताजी, उपासना के अधिकार के लिए जेल में भूख हड़ताल पर बैठे



भारतीय सांस्कृतिक एवं धार्मिक अवधारणाओं पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की गहरी आस्था थी। सनातन हिन्दू देवी-देवता पूजा पद्धति एवं धार्मिक रीति-रिवाजों पर उनका विश्वास था। उनके स्वतंत्रता संघर्ष एवं राजनीतिक अवधारणाओं पर भी हिन्दू धार्मिकता का प्रभाव स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। हिन्दू सनातनी परिवार में जन्म लेने के कारण नेताजी सुभाष चन्द्र बोस हमेशा हिन्दू धार्मिक संस्कारों से ओत-प्रोत रहे। नेताजी ने अत्यंत विश्वासपूर्वक कहा कि हिन्दूत्व और भारतीयता, दोनों एक ही तत्व है।

नेताजी ने प्रेसिडेंसी कॉलेज में अपना नामांकन करवाया। उनकी मित्र-मंडली में कई ऐसे लोग थे जो स्वयं को रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानन्द का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी मानते थे। नेताजी ने स्वयं लिखा कि कॉलेज आने के प्रथम दो वर्षों तक वे इन लोगों के प्रभाव में आकर बौद्धिक और नैतिक दृष्टि से प्रखरता प्राप्त कर रहे थे। उपदेशों के अतिरिक्त ये लोग सामाजिक सेवा को ही आध्यात्मिक विकास मानते थे। परन्तु नेताजी की दृष्टि में समाज सेवा का अर्थ स्कूल और अस्पताल का निर्माण तक ही सीमित नहीं था अपितु शैक्षणिक क्षेत्र में राष्ट्रीयता का विकास भी था।

कॉलेज दिनों में नेताजी सार्वजनिक दूर्गा पूजा आयोजन में बहुत दिलचस्पी रखते थे। वर्मा के मांडले जेल से 26 दिसम्बर, 1925 को अपनी भाभी को भेजे एक पत्र में नेताजी के धार्मिक और आध्यात्मिक अवधारणाओं की स्पष्ट झलक मिलती है। पत्र में उन्होंने लिखा कि मुझे यह नहीं पता कि हमलोग कब तक जेल में रखे जाएंगे। लेकिन यदि साल में एक बार मां दुर्गा की पूजा और दर्शन का सौभाग्य मिल जाता है तो जेल काटना आसान हो जाता है। नेताजी ने लिखा कि दुर्गा माता में हमें मां और मातृभूमि के दर्शन होते हैं।

16 अक्टूबर, 1926 को अपने बड़े भाई को मां दुर्गा की पूजा का महत्व बताते हुए नेताजी ने पत्र में लिखा कि इससे हमें सात्विक एवं आध्यात्मिक सौंदर्य, बौद्धिक मनोरंजन और स्थायी धार्मिक सांत्वना भी मिलती है। नेताजी ने लिखा कि आज विजया दशमी है और आज बंगाल में लोग अपने संबंधी, मित्र और यहां तक कि अपने शत्रुओं को भी प्रेम से गले लगाते होंगे। अपने मित्र दिलीप कुमार राय को नेताजी ने 5 मार्च, 1933 को चिट्ठी लिखा कि मैं शिव, काली और कृष्ण भक्ति के द्वंद्व में उलझा हुआ हूं। मैं यह मानता हूं कि ईश्वर एक है लेकिन ईश्वरीय पूजन विधि एवं परम्परा में भिन्नता भी है।

उन्होंने लिखा कि शिव और शक्ति की आस्था के बीच झूल रहा हूं क्योंकि शिव आदि योगी हैं और काली जगन्माता हैं। नेताजी ने आगे लिखा कि पिछले चार-पांच वर्षों से मैं मंत्रशक्ति पर अत्यधिक विश्वास करने लगा हूं। मैंने अनुभव किया है कि मंत्रोच्चार में कुछ अलग शक्ति है और इससे एकाग्रता प्राप्त करने में सहायता मिलती है। उन्होंने आगे लिखा कि खास मंत्र के लगातार उच्चारण से मस्तिष्क के खास भाग ऊर्जान्वित होते हैं। लेकिन मेरा झुकाव कभी शाक्त, कभी वैष्णव के प्रति बदलते रहने के कारण मैं मंत्रशक्ति का पूरा लाभ नहीं ले पाता हूं। अक्टूबर, 2025 में नेताजी मांडले जेल में बंद थे और उसी समय दूर्गा पूजा होनेवाली थी। नेताजी ने जेल अधीक्षक मेजर फिंडले को आवेदन दिया कि उन्हें सनातनी ढंग से दुर्गा पूजा आयोजित करने की अनुमति दी जाए और इसके लिए निधि भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत के जेलों में बंद ईसाई कैदियों को सरकार द्वारा ऐसी सुविधा दी जाती है। अधीक्षक ने नेताजी का अनुरोध स्वीकार कर लिया, जबकि अभी सरकार की अनुमति नहीं मिली थी।

कुछ दिनों बाद सरकार ने जेल अधीक्षक के अनुरोध को नामंजूर ही नहीं किया बल्कि अधीक्षक को इसके लिए दंडित भी किया गया कि उन्होंने नेताजी के अनुरोध पर विचार क्यों किया। नेताजी ने पुनः आवेदन दिया कि यदि उन्हें जेल के अंदर दुर्गा पूजा करने की अनुमति और सहयोग नहीं दिया जाएगा तो वे जेल के भीतर भूख-हड़ताल पर चले जाएंगे। सरकार अपनी जिद अड़ी रही और नेताजी ने भी जेल के अंदर ही भूख हड़ताल शुरू कर दिया। यह उदाहरण सिद्ध करता है कि नेताजी ने हिन्दूत्व और पूजा पद्धति को न सिर्फ व्यक्तिगत आस्था बल्कि राजनीतिक उपकरण के रूप में भी प्रयोग किया।

अपनी पूरी जिंदगी में नेताजी ने हिन्दूत्व से संबंधित धार्मिक आचरणों पर विश्वास किया। इतना ही नहीं, आई.एन.ए. से जुड़े लोगों की अपनी धार्मिक मान्यताओं एवं विश्वासों के अभ्यास पर कभी प्रतिबंध नहीं लगाया। नेताजी की आत्मकथा में लियोनार्ड गॉर्डन सिंगापुर के स्वामी स्थितानन्द और स्वामी सिद्धांतानन्द को उधृत करते हुए लिखते हैं कि नेताजी नॉरिस रोड के रामकृष्ण मिशन आश्रम में जाकर घंटों योगाभ्यास में बैठे रहते थे। द्वितीय विश्व युद्धकाल में एक ओर बर्लिन पर बमबाजी होती रहती थी और इधर नेताजी अपने घर में देर रात्रि तक योगाभ्यास करते रहते थे।

सिंगापुर पर जापानी कब्जा होने के बाद भी नेताजी ने रामकृष्ण सोसाइटी के साधु की संगत में रहकर धार्मिक शिक्षा एवं योगाभ्यास करते रहे थे। नेताजी को पूर्णतः धार्मिक हिन्दू माननेवाली उनकी बेटी अनीता ने नेताजी के 125वें जन्मदिन पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नेताजी को नास्तिक मानना गलत है। धर्म, मातृभूमि, स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीयता को समेकित करते हुए नेताजी ने लिखा था कि आप भारत के किसी भी भाग में चले जाएं, पूजा विधि, पद्धति, श्लोक, धार्मिक आचरण एवं परम्परा आदि समान ही मिलते हैं।

उत्तर से लेकर दक्षिण तक और पूरब से लेकर पश्चिम तक भारत में रहनेवाले सभी हिन्दू भारत को अपनी पवित्र भूमि मानते हैं। यहां की पवित्र नदियों में उनकी गहरी आस्था है और यह भावना संपूर्ण भारत में एक समान ढंग से पाई जाती है। कई लोगों ने भ्रामक उल्लेख किया है कि नेताजी नास्तिक थे। यद्यपि नेताजी ने कभी धार्मिक व्याख्यान नहीं दिया तथापि उनमें भारतीयता और हिन्दूत्व के अवयव कूट-कूट कर भरे हुए थे। भारत की स्वाधीनता आंदोलन के साथ राष्ट्रीयता एवं हिन्दू धर्म को जोड़ने का सफल प्रयास स्वामी विवेकानन्द, बाल गंगाधर तिलक और अरविन्दो घोष कर चुके थे।

1932 ई. में स्वास्थ्य जांच के लिए नेताजी वियना गए थे। वहां उनकी मुलाकात विट्ठल भाई पटेल से हुई। दोनों नेताओं के बीच हुई लम्बे विमर्श के बाद यह निष्कर्ष आया कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में सफलता के लिए यह आवश्यक है कि अन्य देशों के स्वतंत्रता संघर्ष के साथ इसे जोड़ा जाए। यह भी तय हुआ कि विश्व के प्रमुख देशों की राजनीतिक वैचारिक मुद्दों के साथ भारत की स्वतंत्रता को शामिल किया जाना जरूरी है ताकि ब्रिटेन अपनी विदेश नीति पर दबाव महसूस करे। गांधीजी के राजनीतिक दृष्टि में यह उदारता नहीं थी क्योंकि 1920 ई. में हुई नागपुर कांग्रेस अधिवेशन के बाद लंदन में खोले गए कांग्रेस के छोटे कार्यालय को भी उन्होंने बंद करवा दिया था।

## स्वास्थ्य समाचार

# पानी में इस चीज को मिलाकर रोजाना करें कुल्ला, दूर होगी मुंह की बदबू



आप किसी से बात कर रहे हैं और वह बार-बार अपने मुंह में हाथ रख दे, तो कैसा लगेगा कई बार हमें पता भी नहीं होता कि हमारे मुंह से बदबू आ रही है, लेकिन जब वह सामने वाला बताता है तो शर्मिंदा होना पड़ता है। ऐसा किसी के भी साथ हो सकता है। पेट खराब होने के कारण हमारे मुंह से बदबू आ सकती है। अगर आपने प्याज और लहसुन जैसी चीजें खाई हैं, तो उसके कारण भी मुंह से बदबू आती है। मुंह में इंफेक्शन के कारण और बीमारी में भी मुंह से बदबू आती है। मगर मुंह की बदबू को दूर करना भी आसान है। कई सारे लोग अपने पास इलायची और लौंग रखते हैं। कुछ लोग मेंथॉल युक्त चुइंगम अपने पास रखते हैं।

### खराब डेटल हाइजीन के कारण

रोजाना ब्रश या फ्लॉस न करने से भी मुंह से बदबू आती है। अगर आपको लगता है कि दांत साफ करना ही काफी है, तो ऐसा नहीं है। ब्रश करने के साथ आपको फ्लॉस करना चाहिए और फिर जीभ को भी साफ करना बहुत जरूरी होता है। आपके दांतों पर बैक्टीरिया (प्लाक) की चिपचिपी लेयर जमती जाती है। अगर इसे साफ न किया जाए, तो इससे बदबू आने लगती है।

### मुंह सूखने के कारण

लार आपके मुंह को साफ करने में मदद करती है। ड्राई माउथ एक ऐसी स्थिति जो सांसों की दुर्गंध में योगदान देती है, क्योंकि लार का उत्पादन कम हो जाता है। नींद के दौरान स्वाभाविक रूप से मुंह सूखता है, जिससे मॉर्निंग ब्रेथ अलग और दुर्गंध वाली होती है। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है और कोशिश करें कि सोडा और मीठे जूसेस का सेवन कम करें।

### घर पर बने माउथवॉश का फायदा

यह अल्कोहल मुक्त होगा, इसलिए आपके गम्स में किसी तरह की जलन नहीं होगी। साथ ही घर पर जड़ी-बूटियों से तैयार माउथ वॉश सांसों की दुर्गंध दूर करने के साथ ही दांत का दर्द और सूजन भी कम होगी।

### मुंह से बदबू आने के कारण

जैसा कि हमने आपको बताया कई बार इंफेक्शन और खाने के कारण भी मुंह से बदबू आती है, लेकिन इसके अतिरिक्त ऐसे कई फैक्टर्स हैं, जो मुंह की बदबू को बढ़ाते हैं।

### तम्बाकू प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने के कारण

क्या आप स्मोकिंग करते हैं? क्या आप तम्बाकू युक्त मसाले खाते हैं? मुंह की दुर्गंध इसके कारण भी उत्पन्न होती है। धूम्रपान करने वालों और तम्बाकू खाने वालों के मसूड़े खराब होने लगते हैं और इससे सांसों में दुर्गंध आने लगती है।

### घर पर तैयार माउथवॉश बनाने के लिए सामग्री

- 2 कप गर्म पानी
- 2-3 पत्तियां पेपरमिंट
- 1/2 छोटा चम्मच फिटकरी
- 3-4 बूंद नींबू का रस
- 1 बूंद टी ट्री ऑयल
- 1/2 बड़ा चम्मच दालचीनी
- चुटकी भर सेंधा नमक

### माउथवॉश कैसे बनाएं

- पानी को उबाल लें और जब वो आधा हो जाए तो आंच बंद करके उसमें नींबू और फिटकरी डालकर मिक्स करें।
- अब इसमें दालचीनी का टुकड़ा या पाउडर, कूटी हुई पेपरमिंट और सेंधा नमक डालकर मिलाएं। आखिर में टी ट्री ऑयल डालकर इसे एक बोतल में भर लें।
- यह डीआईव्हाई माउथवॉश 10 दिन तक स्टोर किया जा सकता है।

### कैसे उपयोग करें घर पर बना माउथवॉश

- सबसे पहले अपने दांतों को अच्छी तरह से ब्रश कर लें।
- इसके बाद फ्लॉस की मदद से अपने दांतों के किनारों और गैप्स को साफ करें।



- अपनी जीभ को टंग क्लीनर या ब्रश से स्क्रब करके कुल्ला करें।
- इसके बाद 1/2 कप पानी में 2 बड़े चम्मच माउथवॉश मिलाएं और उससे 30 सेकंड कुल्ला और गरारा करें।
- सुबह और शाम ब्रश करने के बाद, आपको माउथवॉश जरूर करना चाहिए।

### मुंह से बदबू दूर करने के अन्य तरीके

इसके अलावा कुछ बातों का ध्यान रखें। मुंह की बदबू दूर करने के अपने खानपान में भी ध्यान दें। आप ये ट्रिक्स भी आजमा सकते हैं।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

मुंह सूखने से भी बदबू आती है, इसलिए जब भी मुंह सूखे तो पानी जरूर पिएं। ध्यान रहे कि आपको जूस या सोडा नहीं, बल्कि सिर्फ पानी पीना चाहिए। आपके मुंह में बनने वाली लार में मुंह को साफ करती है। पानी पीने से मुंह के बैक्टीरिया साफ होंगे और टॉक्सिन्स पेशाब के जरिए निकलेंगे।

### सेब का सिरका आजमाएं

अगर आपने प्याज और लहसुन खाया है, तो जाहिर है कि उसके बाद मुंह से बदबू आएगी ही। इसके लिए सेब का सिरका एक अच्छा विकल्प है। यह इंस्टेंट रूप में काम करता है और आपके मुंह की दुर्गंध को दूर करता है। एक गिलास पानी में 2 बड़े चम्मच सिरका डालकर कुल्ला करें।

### नमक वाले गर्म पानी से कुल्ला करें

नमक के पानी से गरारे करना सांसों की दुर्गंध को रोकने का एक प्राकृतिक तरीका है। 1 गिलास गर्म पानी में 1 छोटा चम्मच सेंधा नमक डालकर मिलाएं और फिर मुंह में पानी भरकर 30 सेकंड घुमाएं और गरारा करें। इससे मुंह की बदबू ही नहीं, मसूड़ों का दर्द और सूजन भी कम होगी।

## आज का राशिफल

### मेष

रुका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। साहित्यिक रुचि बढ़ेगी। आर्थिक योग शुभ हैं। यात्रा से व्यापारिक लाभ हो सकता है। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है।

### वृष

फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। कुसंगति से बचें। दूसरों पर भरोसा न करें। धैर्य रखें। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। रुका पैसा मिलेगा। शत्रु आपकी छवि को धूमिल करने का प्रयास करेंगे। अतः सावधान रहें। व्यापार में सफलता मिलेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी।

### मिथुन

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग मिलेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। कार्यसिद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन रहेगा। क्रोध पर संयम आवश्यक है। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। धर्म में रुचि बढ़ेगी। नई योजना से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा।

### कर्क

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यापार के विस्तार हेतु किए गए प्रयास सफल होंगे। संतान की ओर से अच्छे समाचार मिलेंगे। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करें। परिवार की चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

### सिंह

विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। पराक्रम बढ़ेगा। जीवनसाथी से आर्थिक मतभेद हो सकते हैं। कामकाज में आशानुरूप स्थिति बनेगी। संतान के व्यवहार पर नजर रखें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

### कन्या

उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। स्वाभिमान बढ़ेगा। पुराने मित्र-संबंधी मिलेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। कार्य एवं व्यवसाय के क्षेत्र में विभिन्न बाधाओं से मन अशांत रहेगा। विवादों से दूर रहना चाहिए। आर्थिक तंगी रहेगी। पिछले कार्यों को टालें। पारिवारिक तनाव से मन परेशान रहेगा।

### तुला

जल्दबाजी व भागदौड़ से कार्य करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएं। बुरी खबर मिल सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से लाभ होगा।

### वृश्चिक

योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी व भागदौड़ से काम करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाएँ। अच्छे मित्र से भेंट होगी। पराक्रम की वृद्धि होगी। समाज-परिवार में आदर मिलेगा। सुसंगति से लाभ होगा।

### धनु

मेहनत का फल मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यात्रा सफल रहेगी। धनलाभ होगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। वाहन सुख मिलेगा। संपत्ति के लेन-देन में सावधानी बरतें। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। संतान पर ध्यान दें। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे।

### मकर

राजकीय सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ होगा। जोखिम बिलकुल न लें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार व नौकरी में हितकारकों की पूर्ण कृपा रहेगी। गृह उपयोगी वस्तुएँ क्रय करेंगे। नए संबंधों के प्रति सतर्क रहें। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

### कुंभ

संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रसन्नता रहेगी। खर्चों में वृद्धि से चिंता होगी। संतान के रोजगार की समस्या का समाधान संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। कश्मकश दूर होगी। स्वजनों से भेंट होगी।

### मीन

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रुभय रहेगा। लाभ होगा। पिछले कार्यों को टालना चाहिए क्योंकि उसमें असफलता का योग है। अनावश्यक विवाद होगा। व्यावसायिक योजनाएँ क्रियान्वित नहीं हो पाएँगी।

## 6 जी कार्यक्रम आयोजित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की सेठ श्री मोहनलाल जालान राजकीय महाविद्यालय 6 जी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं बीज वक्ता कुलगुरु महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर, आचार्य डॉ. मनोज दीक्षित, विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् डॉ. अनिल सैनी थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के सम्मुख गंगाजल से दीप प्रज्वलन कर हुई । तत्पश्चात डॉक्टर त्यागी ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम की भूमिका तथा उद्देश्यों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि कुलगुरु आचार्य दीक्षित ने विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, सभ्यता, एवं परंपराओं, से धरातलीय रूप से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति बहुत समृद्ध है, यदि आवश्यकता है तो उसके संरक्षण की है। विशिष्ट अतिथि डॉ. सैनी ने युवाओं को महामहीम राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम आजाद के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान समाजशास्त्र परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर सुशील त्यागी एवं सह संपादक डॉ. अनिल सैनी ने माननीय कुलगुरु को यूजीसी केयर लिस्टेड जर्नल की प्रति व गाय का मोमेंटो भेंट किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित पोस्टर का विमोचन व राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर के जोशी ने की। मुख्य अतिथि ने सेल्फी के माध्यम से विद्यार्थियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापकों के अलावा छात्र-छात्राएं मौजूद थी।

## सवामणी कर गौ माता को लगाया भोग




मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** सालासर रोड स्थित श्री करणी माता गौशाला चेलासी में रविवार को मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर गौ सवामणी का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं गोपीनाथ गौ सेवा समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। गोपीनाथ गौ सेवा समिति की संरक्षक व गो सेविका ज्योति तनवानी ने बताया कि पंडित उमाशंकर मिश्रा के सानिध्य में गौ माता को विशेष भोग लगाया गया। इस भोग में हरा चाराए गुड़, तिल के लड्डू, घीया, खलए चुरी, गाजर, टमाटर, गोभी, शक्करकंदी, खीरा, रोटी और दलिया जैसे पौष्टिक पदार्थ शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान गोपीनाथ गौ सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेष जैन ने सभी गो भक्तों को दुपट्टा पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया। इस पुण्य अवसर पर सुमित्रा शर्मा, हेमलता मिश्रा, सरोज शर्मा, कांस्टेबल लक्ष्मण, गौसेवक सुरेंद्र पारीक, संत कुमार, धनकेश धनखड़, कृष्ण कुमार, केप्टन, सुल्तान सिंह शेखावत, रूप सिंह कविया, प्रदीप सिंह पिलानी, सुमित कुमावत, गोविंद सिंघानिया, विपुल अग्रवाल सहित गौशाला के पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## नरहड़ शरीफ उर्स का धूमधाम से समापन



हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के नरहड़ गांव में स्थित हजरत हाजीब शक्करबार शाह साहब पीर बाबा की दरगाह पर आयोजित तीन दिवसीय 757वें सालाना उर्स का धार्मिक अकीदत व शानो-शौकत के साथ समापन हो गया। उर्स के समापन अवसर पर खादिम हाजी अमजद खान पठान के नेतृत्व में हजरत धरसू वाले बाबा की रस्मे फातेहा अदा की गई तथा कुल के छींटे मारे गए। इस मौके पर पीर बाबा साहिबे की मजार पर चादर पेश कर देश में अमन-चैन व खुशहाली की दुआ मांगी गई। समापन अवसर पर सभी जायरीनों एवं दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं का खादिम हाजी अमजद खान पठान की ओर से आभार व्यक्त किया गया। उर्स के दौरान सूफियाना माहौल, भाईचारे और कौमी एकता की अनूठी मिसाल देखने को मिली। इस अवसर पर कास्मिक धाम के कोस्मोस गुरुजी, श्री श्री 1008 श्री महामंडलेश्वर महंत काशीनाथ महाराज सहित अनेक संत-महात्मा मौजूद रहे।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति की बैठक

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** आदर्श बस्ती में प्रस्तावित हिन्दू सम्मेलन को लेकर आयोजन समिति की बैठक रविवार को योगी आसन में आयोजित की गई। बैठक में सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करते हुए विभिन्न उप-समितियों के प्रमुखों की नियुक्ति की गई। बैठक में बस्ती के महंत गंगानाथ, आसाराम, पवन कुमार, नंदलाल भार्गव, विकास संगतानी, विशाल शर्मा, विद्याधर स्वामी, राधेश्याम, चन्द्र मोहन, हेमंत भार्गव, मनोज शास्त्री, विजय सिंह, पवन सैनी, पंकज शर्मा, राकेश कुमार, जयप्रकाश सहित बस्ती के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई तथा सहयोग से आयोजन को भव्य रूप देने का संकल्प लिया गया।

# युवा सप्ताह के तहत व्यवसायिक कौशल एवं दक्षता प्रदर्शनी आयोजित

निसं



**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मण्डावा रोड स्थित बीजीके (प्रा.) आईटीआई, चूड़ी अजीतगढ़ में राष्ट्रीय युवा सप्ताह के तहत आयोजित तीन दिवसीय व्यवसायिक कौशल एवं दक्षता प्रदर्शनी का समापन समारोहपूर्वक किया गया। समापन समारोह की अध्यक्षता बीजीके शिक्षण संस्थान के सचिव संदीप कुमार सिंह ने की जबकि बैंक ऑफ बड़ौदा, चूड़ी चतरपुरा शाखा के प्रबंधक दलीप कुमार ढाका विशिष्ट अतिथि रहे। समारोह को संबोधित करते हुए दलीप कुमार ढाका ने प्रशिक्षणार्थियों को वित्तीय प्रबंधन एवं साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सचिव संदीप कुमार सिंह ने संस्थान के स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए प्रशिक्षणार्थियों के रचनात्मक कौशल की सराहना की और कहा कि हस्त कौशल से बढ़कर कोई कौशल नहीं होता। विशिष्ट अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर तैयार किए गए मॉडलों एवं चार्ट की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य रजनीकांत शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी का विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी में इलेक्ट्रीशियन सीनियर के प्रशिक्षणार्थियों का स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, इलेक्ट्रीशियन जूनियर का ऑटोमेटिक वाटर टैप, मैकेनिक डीजल व्यवसाय का टेबल वॉच एवं फिटर व्यवसाय का वुडन कैलेंडर मॉडल प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर इलेक्ट्रीशियन सीनियर का लैम्प ऑन क्लैप, इलेक्ट्रीशियन जूनियर का ड्रम स्विच, मैकेनिक डीजल का इंजन पार्ट्स डिस्प्ले तथा फिटर का आईटीआई लोगो मॉडल रहे। तृतीय स्थान पर इलेक्ट्रीशियन सीनियर का ब्रिक हीटर, इलेक्ट्रीशियन जूनियर का राजस्थान आरटीओ कोड, मैकेनिक डीजल का वर्कशॉप मॉडल एवं फिटर का लैडर मॉडल चयनित हुए। समारोह के अंत में संस्थान समूह अनुदेशक दीपेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य लेखाकार गंगाधर सैनी, अनुदेशक मनीष सैनी, पिंकी कुमारी, ऋषिता चौधरी, इरफान खान, रामप्रसाद सैनी, भरत सिंह, अरविंद कुमार सानोदिया, श्यामसुंदर रोलान, मुकेश कुमार सानोदिया, अजय कुमार नायक, प्रवीण कुमार सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### इधर मतदान जागरूकता कार्यक्रम

मण्डावा रोड स्थित बीजीके (प्रा.) आईटीआई में मतदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य संदीप कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने और स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में गंगाधर सैनी, महेश कुमार, नरेश कुमार, कुलदीप सैनी, नरेंद्र प्रजापत, दीपेंद्र सिंह, अनिल रोलान, कुलदीप जांगिड़, सुनील कुमार, रामप्रसाद सैनी सहित समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## चिकित्सा शिविर में हुए 309 रोगी लाभान्वित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ ट्रस्ट द्वारा रविवार को स्व. मोतीलाल गोमती देवी मोदी की स्मृति में सांवरमल, पवन कुमार, बद्रीनारायण, गोविंदलाल, निखिल मोदी के सौजन्य से आयोजित हुए निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर एवं चर्म व यौन रोग चिकित्सा शिविर में 309 रोगी लाभान्वित हुए। शिविर प्रभारी गिरधर शर्मा ने बताया कि इस शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा 168 नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर 35 मोतियाबिंद के ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया गया। चयनित रोगियों के निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा निःशुल्क किए जाएंगे। इसी शिविर में जयपुर के सुप्रसिद्ध चर्म व यौन रोग विशेषज्ञ डॉ एस आर शुक्ला द्वारा 141 चर्म व यौन रोग संबंधित रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हे उचित परामर्श दिया गया, जरूरतमंद रोगियों को निःशुल्क दवा दी गई। सहायक राजेंद्र प्रजापत, पवन मोदी, गोविंद मोदी, निखिल मोदी, विमल पाटनी, सुशीला देवी क्याल, अमृत पोद्दार ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। शिविर को सफल बनाने में क्लब प्रतिनिधि महावीर मिरनका, गोपाल चोटिया, हाजी मोहम्मद, विमल भूतोडिया, ललित सोनी, हाजी मोहम्मद, गिरधर शर्मा, योगेंद्र भोजक, प्रतीक चोटिया, अंकित चोटिया, राजकुमार क्याल, हरि तोदी, राजेंद्र कनोई, मूलचंद तिवाड़ी, अब्दुल लतीफ, रमन प्रजापत, रामचंद्र टेलर, मालचंद प्रजापत का सहयोग रहा। शिविर में बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर जिलों के रोगी लाभान्वित हुए।

## विराट हिन्दू महासम्मेलन की तैयारियां तेज, पोस्टर का विमोचन




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे में बस्ती स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर एक विस्तृत चर्चा कर पोस्टर विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के दौरान पीरूमल सर्वा, महेंद्र सैनी, उज्ज्वल कुमावत, विनेश सैनी, भगवान सहाय, अश्वनी कुमार, जुगल, छित्तरमल, मूलचंद, गौतम, रमेश, मोहित, कमलेश सहित नगर की अनेक सज्जन शक्तियां एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। चर्चा में आगामी दिनों में श्रीमाधोपुर नगर की गुरुगोविन्द सिंह बस्ती में प्रस्तावित विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर होने वाली व्यवस्थाओं पर गहन मंथन कर पोस्टर विमोचन किया गया। सम्मेलन के उद्देश्य, जनजागरण, समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियों के निर्धारण, व्यवस्था समिति, अनुशासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी सुझाव रखे गए। वक्ताओं ने कहा कि विराट हिन्दू सम्मेलन के माध्यम से समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया। उज्ज्वल कुमावत ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से यह सम्मेलन ऐतिहासिक और प्रेरणादायी सिद्ध होगा। कार्यक्रम 1 फरवरी को कचियागढ़ स्टेडियम में होगा। वही विनेश सैनी एवं महेंद्र सैनी ने नगर में बस्ती स्तर पर आयोजित किए जाने वाले विराट हिन्दू सम्मेलन की विस्तृत जानकारी दी।

# आप-आप रे साथे जन संवाद कार्यक्रम के जरिए जनता से सीधे पार्टी

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** आगामी नगर निगम एवं पंचायत चुनावों को ध्यान में रखते हुए आम आदमी पार्टी जयपुर की ओर से रविवार को एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान आप-आप रे साथे जन संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनना और समाधान की ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। जिला अध्यक्ष अमित दाधीच ने बताया कि इस अभियान के तहत आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय वार्डों में जाकर आम नागरिकों से रूबरू होंगे। पार्टी का कहना है कि यह जन संवाद कार्यक्रम केवल राजनीतिक पहल नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दों पर केंद्रित होगा जयपुर शहर संगठन महा मंत्री संगीता गौड़ ने बताया की साथ ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा विधानसभा में शहीद-ए-आजम भगत सिंह के संबंध में दिया गया ऐतिहासिक रूप से गलत, भ्रामक एवं तथ्यहीन बयान न केवल देश को गुमराह किए जाने पर विरोध प्रदर्शन किया है मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कथित बयान पर शहीद भगत सिंह की कुर्बानी, विचारधारा और राष्ट्र के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास का घोर अपमान है। मुख्यमंत्री द्वारा यह कहना कि जब भगत सिंह ने संसद में बम फेंका, उस समय कांग्रेस की सरकार थी पूरी तरह असत्य है। ऐतिहासिक सत्य यह है कि वर्ष 1929 में जब शहीद भगत सिंह एवं बटुकेश्वर दत्त ने ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध केंद्रीय विधानसभा में बम फेंका। उस समय भारत एक गुलाम देश था और वहाँ अंग्रेजों की सरकार थी, कि किसी भारतीय राजनीतिक दल की। इस प्रकार का बयान केवल राजनीतिक गलती नहीं, बल्कि शहीदों के इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने का गंभीर प्रयास है, जिसे आम आदमी पार्टी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। इसी विषय को लेकर आम आदमी पार्टी जयपुर शहर जिला द्वारा शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। जिसमें पार्टी अपना पक्ष स्पष्ट करेगी तथा आगे की कार्यवाही की घोषणा करेगी। पार्टी नेताओं ने कहा कि भगत सिंह ने जिस जागरूक और जिम्मेदार नागरिक समाज का सपना देखा था। आप-आप रे साथे इसी सोच से प्रेरित कार्यक्रम है। जिसमें जनता की बात को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर आम आदमी जयपुर के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे । पार्टी के वरिष्ठ नेता रशीद हसन व लोकेंद्र ने कहा कि आम आदमी पार्टी आप-आप रे साथे अभियान के माध्यम से जनता के बीच रहकर सत्य, लोकतंत्र और शहीदों के सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ेगी।

## योग शारीरिक एवं आध्यात्मिक व्यायाम का मिश्रण है : विज्ञानानंद



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से अपने स्वास्थ्य जाग्रति कार्यक्रम आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत स्थानीय अर्केश्वर शिवालय में विलक्षण योग एवं ध्यान साधना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की ओर से श्री आशुतोष महाराज के शिष्य 'योगाचार्य स्वामी विज्ञानानन्द जी ने बताया कि बढ़ते हुए शहरीकरण, प्रदूषण, अनियमित आहार विहार और ओद्योगिकीकरण से जहां वृक्ष कटाव से प्राकृतिक असंतुलन की स्थिति पैदा हुई है वहीँ प्रदूषित वायु में सांस लेना भी दूभर हो चुका है। जिससे हृदय से सम्बंधित रोगों के साथ साथ मधुमेह, टी.बी, कैंसर, डेंगू, चिकनगुनिया व विविध विषम ज्वरों में अभिवृद्धि हो रही है। स्वामी जी ने बताया की ष्विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विज्ञान का सहारा लेकर आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने जहां चरमोत्कर्ष को प्राप्त किया है वहीँ अभी बहुत सी ऐसी बीमारियां हैं जिनका समाधान आधुनिक चिकित्सा प्रणाली में तो नहीं परंतु भारतीय वैदिक योग दर्शन में है। वस्तुतः योग का आश्रय लेकर जीवेम शरदः शतम्‌ की अवधारणा के अनुरूप मनुष्य चाहे तो सौ वर्ष तक भी निरोगी जीवन यापन कर सकता है। मूलतः योग शारीरिक एवं आध्यात्मिक व्यायाम का मिश्रण है स्वामी जी ने उपस्थित साधकों को 'ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वीर भद्रासन, करतल ध्वनि योग, नृत्य योग, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, उज्जाई प्राणायाम, स्कन्ध चालन, पाद चालन, सर्वाइकल पेन से संबंधित सूक्ष्म व्यायाम इत्यादि क्रियाओं का विधिवत अभ्यास करवाया और साथ ही इनके दैहिक और वैज्ञानिक लाभों से परिचित भी करवाया। ध्यान देने योग्य है कि कार्यक्रम के अंतर्गत आज संस्थान द्वारा अपने आरोग्य प्रकल्प के अंतर्गत साधकों को आयुर्वेदिक औषधियां भी उपलब्ध करवाई गईं। कार्यक्रम का आरम्भ साध्वी गोपिका भारती, कंचन मुक्ता भारती व मीना भारती द्वारा विधिवत् वेद मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। साधकों के सामूहिक ध्यान के साथ साधकों ने दैहिक स्वस्थता व आत्मिक शक्ति से ओतप्रोत हो कार्यक्रम का भरपूर लाभ प्राप्त किया।





## कर्त्तव्य बोध पखवाड़ा मनाया

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा कर्त्तव्य बोध पखवाड़ा श्री संचियालाल बैद मा. आ. वि. मंदिर में सुभाषचंद्र मीणा की अध्यक्षता में मनाया गया। माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुवे कार्यक्रम मे मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप व्यास, पद्मश्री शर्मा, शिवशंकर शर्मा, विक्रम सिंह चौहान, मनोज सारस्वत, ऋषि कुमार सिंह, जगदीश प्रसाद शर्मा मंचस्थ अतिथि थे। कार्यक्रम मे सीबीईओ व्यास ने कहा कि सभी अध्यापकों को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्त्तव्य का निर्वहन समर्पित भाव से करना चाहिए, सभी कर्त्तव्य के प्रति जागरूक व समर्पित होने से राष्ट्र निरंतर प्रगति करेगा। कार्यक्रम मे अपने कर्त्तव्य के प्रति जागरूक व समर्पित भाव से कार्य करने के लिए शिक्षक दिनेश चोटिया, विक्रम सिंह चौहान, विशाखा इंदौरिया, मीना बारूपाल, भोलाराम मेघवाल, लक्ष्मण सिंह, राजकुमार जांगिड़ को सम्मानित किया गया। शाखा अध्यक्ष निलेश कुमार इंदौरिया ने शाब्दिक स्वागत करते हुवे कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। शाखा मंत्री जगनाराम सोडा ने आगतुको का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण टेलर ने किया।

## गायों को खिलाई सवा मण लापसी



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नलिया बास की सार्वजनिक सेवा समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा मौनी अमावस्या के उपलक्ष्य में गौसेवा के लिए सवा मण की लापसी बनाई गई और गलियों में घूम-घूमकर गायों को लापसी परोसी गई। इस कार्य में डालचंद तंवर, बाबूलाल यादव, धर्मचंद स्वामी, ईश्वर चांदोलिया, निर्मल तंवर, अनिल पंवार, गोरधन टाक आदि ने योगदान देकर सम्पन्न करवाया।

## 15 जरूरतमंद परिवारों को प्रदान किए किट

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लायंस क्लब सुजानगढ़ द्वारा राशन सामग्री, कंबल, बिस्तर एवं चद्दर के किट का वितरण जरूरतमंद 15 परिवारों को किया गया। इस नेक कार्य में भामाशाह विनीत-अनुजा लाहोटी, राजीव-ज्योति लाहोटी, जीवनमल- सरोज झंवर, प्रीतम मोदानी ने आर्थिक सहयोग दिया। लॉयन देवकृष्ण मालपानी के संयोजन में जोन चेयरपर्सन लॉयन एमजेएफ कमल तापड़िया, अध्यक्ष प्रशांत पारीक, देवेंद्र बेदी, मुरली राठी ने भामाशाह प्रीतम मोदानी, हर्ष मालपानी एवं ताराचंद स्वामी के सहयोग से ठरड़ा में ये किट वितरीत किए। कमल तापड़िया ने बताया कि लायंस क्लब के सेवा प्रकल्प अनवरत जारी रखे जायेंगे।

# विद्यार्थी के साथ स्कूल डायरेक्टर द्वारा मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव बड़ाबर की लाल बहादुर शास्त्री शिक्षण संस्थान में कक्षा 9 में अध्ययनरत विद्यार्थी जयचंद के साथ स्कूल डायरेक्टर द्वारा मारपीट किए जाने के आरोप लगे हैं। बालक की तबीयत बिगड़ने पर उसके परिजन राजकीय बगड़िया अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका दो दिनों से उपचार चल रहा है। बालक के पिता मदनलाल, माता मंजुदेवी ने बताया कि मकर संक्रांति की पार्टी के लिए स्कूल में 100 रुपए नहीं देने पर स्कूल संचालक नंदकिशोर द्वारा बालक के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। मारपीट के बाद मुर्गा बनाया गया। बाद में बालक के पिता मदनलाल स्कूल पहुंचे और बालक को तबीयत खराब होने पर राजकीय बगड़िया अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां दो दिनों से उसका उपचार जारी है। परिजनों ने मारपीट करने वाले स्कूल संचालक नन्दकिशोर पर कार्यवाही करने की मांग प्रशासन से की है ताकि दूसरे बच्चे के साथ इस प्रकार की घटना न हो। वहीं स्कूल के निदेशक नंदकिशोर ने आरोपों से इंकार करते हुए कहा कि 100 रूपए बालक से नहीं मंगवाये गये थे। बल्कि बालक दीवार कूदकर स्कूल से भागते वक्त दीवार से गिर गया, जिससे उसको चोटें आई। नंदकिशोर ने सभी आरोपों को झूठा और निराधार बताया। मामले को लेकर सदर थाने में भी रिपोर्ट की गई है। रविवार की शाम को आरोपी स्कूल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान


निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम नांगलभीम में हाल ही में सरकारी सेवाओं में चयनित प्रतिभाओ का सम्मान समाजसेवी मुरलीधर व्यापारी व सागर मल, पुरण मल व्यापारी द्वारा साफा माला व मिठाई खिला कर किया गया। प्रतिभाओ में किसन सिंह शेखावत पुत्र सुरेंद्र सिंह, प्रमोद शर्मा पुत्र बनवारी शर्मा, अमित काजला पुत्र प्रवीण काजला, हिमांशु पुत्र प्रवीण बिवान, आशीष काजला पुत्र प्रभु दयाल काजला के सम्मान के अवसर सैकड़ों की संख्या में ग्राम वासी व बच्चें उपस्थित रहे इन प्रतिभाओं के चयन पर ग्राम नांगल भीम में खुशी का माहौल है ।

# सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण दल रवाना

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आत्मा योजनान्तर्गत अन्तर राज्य कृषक प्रशिक्षण (राज्य के बाहर) सात दिवसीय 30 कृषकों के प्रशिक्षण दल को (दिनांक 18 जनवरी 2026 से 24 जनवरी 2026 तक) कृषि एंव परियोजना निदेशक (आत्मा) झुन्झुनू के उप निदेशक शीशराम जाखड़ द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शीशराम जाखड़ ने बताया कि सात दिवसीय कृषक प्रशिक्षण के दौरान कृषक उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केन्द्र, भा.कृ.अनु.प. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान गड़सा, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) में वैज्ञानिक विधि से पशुपालन प्राकृति खेती, कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण की नवीनतम तकनीक, उन्नत हाईटेक बागवानी (फल, फुल, सब्जी) विपणन, जल एवं मृदा सरंक्षण, लॉ-टनल, शैड नेट हाउस, पॉली हाउस, मधुमक्खी पालन, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण प्रबन्धन एवं संरक्षित खेती विषयों पर उच्च स्तरीय आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करेगें व सात दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र, बाजोरा, कुल्लु, कृषि अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय स्टेशन, कटराई, कुल्लू घाटी, (हिमाचल प्रदेश) मनीकरन एवं केलांग तहसील के प्रगतिशील कृषकों के खेतों पर क्षेत्र भ्रमण एंव ऊन औद्योगिक इकाईयों सहित उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय की विभिन्न ईकाईयों का भी भ्रमण करेगें। भ्रमण दल रवानगी के मोके पर उप परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रमोद कुमार, सुरेन्द्र सिंह, कृषि पर्यवेक्षक उद्यान उदयपुरवाटी, विजय ढाका, तपेश कुमार, रीतेश कुमार सहित 30 कृषक उपस्थित थे।



## सड़क सुरक्षा माह के तहत हेलमेट चेकिंग का सघन अभियान, 61 चालान काटे

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ हेलमेट चेकिंग का सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ-साथ उन्हें यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। यातायात थाना प्रभारी टीआई राधेश्याम सांखला ने बताया कि अभियान के तहत रविवार को विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गईए जिसमें बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चला रहे 61 चालकों के चालान काटे गए। इसके अलावा सैकड़ों वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने तथा सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में समझाइश दी गई। टीआई सांखला ने बताया कि हेलमेट न केवल कानूनन आवश्यक है बल्कि यह दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन भी है। उन्होंने आमजन से अपील की कि स्वयं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलाएं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान तथा आगे भी नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म : खर्रा


निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** खंडेलवाल वैश्य पटवारी धर्मशाला श्रीमाधोपुर में आयोजित तीन दिवसीय जिला स्तरीय नि:शुल्क विशेष योग्यजन सहायक उपकरण वितरण शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर संयोजक बाबूलाल चौधरी ने बताया कि शिविर में तीन दिनों में पात्र दिव्यांगजनों को 886 उपकरण वितरित किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा रहे। मंचासीन अतिथियों में डॉ. मनोहर शरण, अर्जुन लाल चौधरी, गिरधारी लाल चौधरी, डॉ. माधव सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष हरिनारायण महंत, पं. नागरमल लोकनाथका तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सालिगराम चौधरी शामिल रहे। इस अवसर पर यूडीएच मंत्री श्री खर्रा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है और समाज में ऐसे सेवा कार्यों की निरंतर आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 16 से 18 जनवरी तक आयोजित इस शिविर का आयोजन शिवप्रसाद मणि देवी चौधरी चैरिटेबल श्रीमाधोपुर ट्रस्ट द्वारा श्री भगवान महावीर विकलांग सेवा समिति जयपुर के सहयोग से तथा राज्य सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से किया गया।

शिविर में ट्राई साइकिल 94, व्हीलचेयर 71, बैसाखी 67, कान की मशीन 406, वाकर, स्टिक, ब्लाइंड स्टीक 79, कृत्रिम पैर जयपुर फुट व कृत्रिम हाथ 63, कैलिपर 106 वितरित किए गए।

# कथा में हुआ रूकमणी-श्रीकृष्ण विवाह



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** लोयल गाँव में खारिया कुआ हनुमान मंदिर में बालाजी महाराज की रविवार को सुबह पंडित कपिल शास्त्री ने द्वीप प्रज्वलित करके पूजा अर्चना की एवं पुष्प अर्पित किए। यजमान मुरारी लाल ने अपने पुरे परिवार सहित पुजा अर्चना में भाग लिया और बालाजी महाराज से अपने परिवार के लिए मंगल खुशी व शांति की मन्नत मांगी। सार्वजनिक साप्ताहिक भागवत कथा में रुकमणी मंगल विवाह षष्ठम दिन रसपान किया गया। कृष्ण और गोपियों की रासलीला के साथ टीम पंडित कपिल शास्त्री, पंडित राम गोपाल शास्त्री, अजय शास्त्री, प्रद्युमन शास्त्री, अशोक शास्त्री पूरी मंडली द्वारा सुंदर कन्हैया रुकमणी की झांकी निकाली गई एवं अवलोकन किया। रुकमणी की कहानी में प्रेम और भक्ति की जीत बताई साथ ही नारी शक्ति की कहानी का एक सुंदर उदाहरण बताया। इस कहानी में प्रेम, सच्चाई और न्याय की जीत बताई। इस मौके पर कृष्ण रास लीला और कृष्णजी को रिझाने के लिए संगीत स्वर लहरी से कथा वाचको ने सुंदर कृष्ण भक्ति गीत गाकर सबका मन मोह लिया। इस मौके पर मुरारी लाल-मंजु देवी, चन्द्रप्रकाश-कुशम देवी, गिरधारी लाल-अमिता देवी, राजेश-सुमन देवी, अमित, अर्पिता, दीपक, विनय, राहुल, निरविल, रुचिका, अंशुल, ऋषि, माया देवी, समपती, दीपा, शिल्पा, सुशीला, कोमल, अनीता, शिवानी, संतोष समस्त परिवार मौके पर उपस्थित होकर रुकमणी-कृष्ण विवाह कृष्ण कन्हैया के गीतो का रस पान किया और गोपियो की रासलीला कपिल शास्त्री ने अपने शब्दों में स्वरलहरी के रुप में गाया।

## शिशुओं को पेट दर्द या गैस की समस्या होने पर इन तरीकों से करें मसाज, मिलेगा जल्द आराम

कई शिशुओं को जन्म के कुछ समय बाद से ही पेट में गैस की समस्या होने लगती है। यह परेशानी कुछ महीनों में खत्म हो सकती है या फिर लंबे समय तक भी बच्चों को ये परेशान कर सकती है। ऐसे में पेट के दर्द से बच्चों को काफी तकलीफ होती है। कभी-कभी इससे बच्चे को नींद भी नहीं आती है। हालांकि शिशु मां का दूध पीते हैं, तो पेट में गैस की समस्या मां के खानपान के कारण भी हो सकती है।



### पेट की मसाज

इस मालिश को घड़ी की सूई की दिशा में करते हैं। इससे बच्चे को पेट में आराम मिलता है। अपने दाहिने हाथ से अपने बाएं से दाएं अर्धवृत बनाते हुए मालिश करें। फिर अपने बाएं हाथ से नीचे के हिस्से में मालिश करें। इस तरह से बच्चे को गैस की समस्या से निजात दिलाने के लिए आप घड़ी की सुई की दिशा में एक गोलाकार गति में हाथ फेरते हैं। ध्यान रहे बच्चे को हमेशा हल्के हाथों से मसाज दें।

### फुलिंग

अपने अंगूठे को अपने बच्चे के पेट पर रखें। ऊपर-नीचे की गति में दोनों ओर हाथ को घुमाएं। अंगूठे की मदद से नाभि के ऊपर के हिस्से पर मसाज करें। फिर अंगूठे की मदद से नाभि के नीचे मसाज करें। इसे नाभि के ऊपर दो बार और नीचे दो बार से ज्यादा न करें।

### मूनवॉकिंग

बच्चे के पेट में दर्द होने पर आप मूनवॉकिंग मसाज तकनीक का सहारा भी ले सकते हैं। इसके लिए आप बच्चे के पेट पर अपनी उगंलियों की मदद से बाएं से दाएं की ओर मसाज करें। नाभि के ऊपर आप अपनी उंगलियों से मूनवॉक जैसी अवस्था में मालिश करें लेकिन ध्यान रहे कि आपके नाखून बड़े न हो और न ही उगंलियां बच्चे के पेट में चुभे।

### घुटने ऊपर करें

इस मसाज में बच्चे को सीधा लेटा दें। फिर बच्चे के पैरों को घुटनों के पास पकड़कर पेट की तरफ मोड़ें। दोनों पैरों को एक साथ उनके पेट की ओर ले जाएं और पांच सेकेंड के लिए उसी अवस्था में छोड़ दें। इस पूरी प्रक्रिया को तीन बार दौहराएं। इससे बच्चे के पेट में जमा गैस आसानी से बाहर निकल जाएगी।

### सर्कुलर मसाज

इस मसाज के लिए नाभि के पास दाएं से बाएं दिशा की ओर वृताकार गति में मालिश करें। धीरे-धीरे हाथों को दबाएं पेट पर दबाव न बनाएं। उसके बाद इस सर्कल को धीर-धीरे बड़ा करें ताकि पूरे पेट की मांसपेशियों की मसाज हो सके। फिर इसी तरह बाएं से दाएं दिशा में मसाज करें। इसके लिए आप किसी अच्छे बेबी ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# दूध में बादाम और खसखस मिलाकर पीने से सेहत को मिलते हैं ये बेहतरीन लाभ

स्वस्थ रहने के लिए डॉक्टर हमेशा दूध पीने की सलाह देते हैं। दूध में कैल्शियम, प्रोटीन होता है, जो सेहत के लिए जरूरी होते हैं। अगर आपको सिर्फ दूध पीना पसंद नहीं है, तो आप इसमें बादाम और खसखस मिलाकर पी सकते हैं। दूध में बादाम और खसखस मिलाकर पीने से सेहत को कई लाभ मिलते हैं। इस दूध को रोजाना पीने से इम्यूनिटी बढ़ती है, हड्डियां मजबूत बनती हैं, वेट कंट्रोल में रहता है और कब्ज की समस्या से भी राहत मिलती है।

**बादाम में पोषक तत्व :** बादाम में प्रोटीन, विटामिन ई, फाइबर और ओमेगा 3 काफी अच्छी मात्रा में होता है। इसके अलावा बादाम में मोनोअनसैचुरेटेड फैट, मैग्नीशियम, नियासिन, राइबोफ्लेविन तत्व पाए जाते हैं। इसलिए, बादाम को सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है।

**खसखस के पोषक तत्व :** खसखस में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम और फास्फोरस पर्याप्त मात्रा में होता है। इसके अलावा खसखस में आयरन की अच्छी मात्रा में होता है। खसखस कैलोरी और फैट भी होता है, लेकिन वेट लॉस के दौरान इसका सेवन डायटीशियन की सलाह पर ही करना चाहिए।

**बादाम और खसखस के फायदे :** बादाम और खसखस दोनों सेहत के लिए



काफी फायदेमंद होते हैं। ये दोनों प्रोटीन, कैल्शियम और आयरन का अच्छा सोर्स हैं।

**शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाए :** सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर पड़ जाती है, ऐसे में बादाम और खसखस का सेवन दूध के साथ किया जाए तो इम्यूनिटी में सुधार होता है। इस दूध को रोजाना पीने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। आप जल्दी से बीमार भी नहीं पड़ेंगे।

**वेट लॉस सहायक :** बादाम और खसखस वाला दूध काफी हेल्दी होता है। अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं, तो भी इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। इस दूध में फाइबर अच्छी मात्रा में होता है, जिससे भूख कम लगती है और वेट लॉस में सहायता मिलती है।

**हड्डियां मजबूत बनाए :** दूध और खसखस में पर्याप्त मात्रा में कैल्शियम होता है। अगर आप हड्डियों, जोड़ों में दर्द से परेशान हैं या फिर आपकी हड्डियां कमजोर हैं, तो आप बादाम और खसखस वाला दूध पी सकते हैं। इससे हड्डियां मजबूत बनती हैं और हड्डियों से जुड़े रोग भी दूर होते हैं।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखे :** बादाम वाला दूध ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखने में मदद करता है। इसमें पोटैशियम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में सहायक होता है। लेकिन अगर आपका ब्लड प्रेशर पहले से ही बढ़ा हुआ है, तो आपको इसका सेवन डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए।

**मांसपेशियां मजबूत बने :** बादाम और खसखस वाले दूध पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ऐसे में इस दूध को रोजाना पीने से मांसपेशियां मजबूत बनती हैं। मांसपेशियों का विकास तेज होता है। दरअसल, मांसपेशियों के विकास के लिए प्रोटीन बहुत जरूरी होता है। इस दूध में प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है, जिससे मांसपेशियां मजबूत बनती हैं।

**कब्ज से राहत दिलाए :** पेट से जुड़ी समस्याओं में कब्ज एक सामान्य समस्या है। आजकल अधिकतर लोग कब्ज की समस्या का सामना कर रहे हैं।

## बालों में करेला लगाने से दूर हो सकती हैं ये परेशानियां

करेला स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसलिए कई हेल्थ एक्सपर्ट भोजन में करेला शामिल करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप करेले के इस्तेमाल से बालों को होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं? शायद यह बात जानकर आपको काफी हैरानी हो रही होगी, लेकिन आपको बता दें कि यह स्वास्थ्य के साथ-साथ आपके बालों के लिए भी काफी हेल्दी होता है।

**बालों की बढ़ाए चमक :** बढ़ते प्रदूषण और धूल मिट्टी की वजह से अगर आपके बालों की चमक खो गई है, तो आप अपने बालों में करेले का इस्तेमाल कर सकते हैं। बेजान और रूखे बालों की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप सप्ताह में 1 बार करेले से बना हेयर पैक इस्तेमाल करें। यह आपको बेहतर रिजल्ट दे सकता है।

**ड्राई स्कैल्प से राहत :** ड्राई स्कैल्प की समस्या से छुटकारा दिलाने में करेला आपकी मदद कर सकता है। दरअसल, करेला सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस के इलाज में बहुत ही प्रभावी है। सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस के कारम आपको स्कैल्प से जुड़ी समस्या जैसे- ड्राई स्कैल्प, खुजली और सूजन हो सकता है। इन लक्षणों को कम करने में करेला आपके लिए प्रभावी है।

**बालों की बढ़ाए ग्रोथ :** बालों की ग्रोथ को बढ़ाने के लिए आप करेले का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके बाल तेजी से बढ़ सकते हैं। दरअसल, केरेले में फोलिक एसिड होता है, जो बालों की ग्रोथ को अच्छा करने के लिए प्रभावी माना जाता है। इसके अलावा करेले का जूस ब्लड सर्कुलेशन में आपकी मदद करता है। ऐसे में बालों के समुचित विकास के लिए करेला लाभकारी हो सकता है।

**4. दो मुंहे बालों से छुटकारा**-दो मुंहे बालों की वजह से कई लोगों का हेयर ग्रोथ रूक जाता है। ऐसे में लोग कई तरह के केमिकल्स प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने लग जाते हैं, जिससे आपके बाल कमजोर हो सकते हैं। ऐसे में दो मुंहे बालों की परेशानी से छुटकारा पाने के लिए आप करेले का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# स्किन के खुरदुरेपन से चेहरे की खूबसूरती हो सकती है खराब, लगाएं ये फेस पैक और पाएं चिकनी ग्लोइंग त्वचा

हमारी त्वचा हमारे शरीर का सबसे खुला हुआ अंग है, जो विभिन्न पर्यावरणीय कारकों का लगातार सामना करता है। खासकर सर्दियों के मौसम में स्किन को सॉफ्ट और चिकना बनाना बहुत ही कठिन होता है। ऐसे में स्किन काफी ज्यादा खुरदुरी नजर आती है, जिसका असर आपकी खूबसूरती पर पड़ सकता है। स्किन के खुरदुरेपन को दूर करने के लिए आप प्राकृतिक में मौजूद चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा सर्दियों में अपनी स्किन को हाइड्रेट रखें और खूब सारा पानी पिएं। साथ ही खाद्य पदार्थों में फैटी एसिड, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल और संपूर्ण पोषक तत्वों को अपने आहार में शामिक करें। इससे आपकी स्किन की बनावट में सुधार आता है। साथ ही स्किन की खूबसूरती भी बढ़ती है।

**केला और दूध फेसपैक :** सर्दियों में स्किन के खुरदुरेपन को दूर करने के लिए आप केला और दूध का फेसपैक लगा सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले पका हुआ केला लें। अब इसे अच्छे से मैश कर लें। इसके बाद इसमें 1 चम्मच दूध मिक्स करें। अब इस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 20 मिनट बाद अपने चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इस पैक को लगाने से आपकी स्किन पर निखार आ सकता है।

**एप्पल साइडर विनेगर और ऑलिव ऑयल :** स्किन के खुरदुरेपन को दूर करने के लिए एप्पल साइडर विनेगर और ऑलिव ऑयल भी काफी लाभकारी हो सकता है। इसके लिए दोनों सामाग्री को बराबर मात्रा में मिक्स कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाकर रातभर के लिए छोड़ दें। सुबह अपनी स्किन को गुनगुने पानी से धो लें। इससे न सिर्फ स्किन का खुरदुरापन दूर होगा, बल्कि आप झुर्रियों और दाग-धब्बों से भी राहत पा सकते हैं।



**केसर और दही :** केसर आपके चेहरे की रंगत को सुधारने में लाभकारी माना जाता है। स्किन के खुरदुरेपन को दूर करने के लिए आप केसर और दही का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए कटोरी में 2 चम्मच दही लें। अब इसमें 10 केसर के रेशे डालें। इसके बाद इसे पूरी रात के लिए फ्रिज में रख दें। सुबह एक बार इन्हें फेंट लें। इसके बाद मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं। करीब 20 मिनट बाद अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। इससे आपकी चेहरे की खूबसूरती काफी ज्यादा बढ़ेगी।

**दही, नींबू और शहद फेसपैक :** स्किन की बनावट को सही करने के लिए आप दही, नींबू और शहद का फेसपैक भी अपने चेहरे पर लगा सकते हैँ। इसके लिए 1 चम्मच दही लें। इसमें नींबू के रस की कुछ बूंदे और आधा चम्मच शहद मिक्स करें। अब इस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। करीब 10 से 15 मिनट बाद अपने चेहरे को गर्म पानी से धो लें। इससे आपकी स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग होगी।

### गाजर और टमाटर जूस

सर्दियों में स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप गाजर और टमाटर का फेसपैक भी चेहरे पर लगा सकते हैं। इसके लिए कटोरी में 1-1 चम्मच गाजर, टमाटर और नींबू का जूस मिक्स करें। अब इस मिश्रण को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। इस स्किन को आप ऑयली और ड्राई स्किन पर भी लगा सकते हैं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।



## जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने जेएलएफ व्लादोलिद की घोषणा की

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने स्पेन में जेएलएफ व्लादोलिद 2026 के आयोजन की घोषणा की। यह घोषणा एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक उपलब्धि है। ऐसे समय में जब भारत और स्पेन वर्ष 2026 को भारत-स्पेन द्विपक्षीय सांस्कृतिक, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वर्ष के रूप में मना रहे हैं, जो दोनों देशों के बीच 70 वर्षों के राजनयिक संबंधों का स्मरण कराता है। यह घोषणा टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजॉय के. रॉय ने की। इस अवसर पर उनके साथ स्पेन की सांस्कृतिक हस्तियां ब्लांका जिमेनेज, गिलर्मो और एंटोनियो लार्गो उपस्थित रहे। वक्ताओं ने दोनों देशों के बीच बढ़ते साहित्यिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को रेखांकित करते हुए जेएल, फ व्लादोलिद को साहित्य, कला और विचारों के संवाद के लिए एक नए अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में प्रस्तुत किया। जो साझा विरासत, लोगों के बीच संपर्क और पर्यटन व नवाचार में भविष्य-केंद्रित सहयोग को प्रतिबिंबित करता है। यह फेस्टिवल 11 से 14 जून तक व्लादोलिद में आयोजित किया जाएगा और भारत तथा स्पेन के बीच वर्ष भर चलने वाले संयुक्त कार्यक्रमों और पहलों की श्रृंखला का हिस्सा होगा।

## स्मैक की सप्लाई करने वाला तस्कर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 18.15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई मादक पदार्थ स्मैक की बाजार कीमत 3.5 लाख रुपये आंकी गई है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले सन्नी शर्मा 20 निवासी करणी विहार हाल श्याम नगर जयपुर को सुन्दर नगर बी इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उसके पास 18ण15 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

## दुपहिया वाहन चुराने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नाहरगढ़ रोड थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी के मामलों में कार्रवाई करते हुए दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही पुलिस ने इन आरोपियों के पास से एक चोरी का दुपहिया वाहन बाइक भी बरामद की हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि नाहरगढ़ रोड थाना पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के शातिर बदमाश सोनू उर्फ भरत सोनी 19 निवासी जयसिंह पुरा खोर जयपुर और विशाल नाथवानी 24 निवासी आगरा उत्तर प्रदेश हाल जयसिंहपुरा खोर जयपुर को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का एक दुपहिया वाहन भी बरामद किए गए है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशे के आदी हैं और शौक पूरे करने के लिए चोरी की वारदात करते थे। फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस को अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे की भी उम्मीद है।

## दस साल से फरार चल रहा शातिर भू-माफिया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस साल से फरार चल रहे एक शातिर भू-माफिया रमेश मोरानी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना नरैना जयपुर ग्रामीण में स्थाई गिरफ्तारी वारंट है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण ललित किशोर शर्मा ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दस साल से फरार चल रहे एक शातिर भू-माफिया रमेश मोरानी निवासी रानी सती नगर श्याम नगर को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी दलबीर सिंह ने बताया कि 5 फरवरी 2016 को परिवादी जगदीश प्रसाद शर्मा निवासी बगरू ने मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित रमेश मोरानी ने जनवरी 2014 में खुद की मजबूरी बताते हुए स्वयं की 300 बीघा जमीन को बेचने के लिए उससे सम्पर्क किया और उसे विश्वास में लेकर जमीन के पेटे 1 करोड़ 600 लाख रुपये नकद व 5 लाख रुपये का चेक दिया। उसके बाद जब पीड़ित ने आरोपित रमेश मोरानी को रजिस्ट्री करवाने के लिए कहा तो उसने 25 लाख रुपए और देने के लिए कहा। जब पीड़ित ने उसको रजिस्ट्री के लिए फोन किया तो फोन उठाना बंद कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचा और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपित को पकडने के लिए टीम गठित की गयी। गठित टीम द्वारा आरोपी के छिपने के सम्भावित स्थानों पर बार-बार दबिश दी गयी। लेकिन आरोपी का कोई पता नहीं चल पाया। गठित टीम द्वारा तकनीकी रूप से विश्लेषण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाये गये व आधुनिक तकनीकी का उपयोग आरोपित रमेश मोरानी को पकडा।

## ब्लूवन इंक की प्रस्तुति जयपुर बुकमार्क प्रकाशन के भविष्य, कानूनी पहलुओं, अनुवाद और कहानी कहने की कला पर चर्चा हुई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दक्षिण एशिया का प्रमुख प्रकाशन सम्मेलन ब्लूवन इंक द्वारा प्रस्तुत जयपुर बुकमार्क, जयपुर लिटरेचर फ्रेस्टिवल के साथ आयोजित हो रहा है। इस आयोजन में वैश्विक प्रकाशन जगत में हो रहे बदलावों पर पूरे दिन सार्थक और उपयोगी संवाद हुए। प्रकाशक, संपादक, एजेंट, अनुवादक, लेखक और प्रकाशन उद्योग से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर आए और नवाचार, अनुबंध, स्व-प्रकाशन, अनुवाद, अकादमिक पब्लिशिंग, वैश्विक कला और एनीमे तथा अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक आदान-प्रदान जैसे विषयों पर चर्चा की। जयपुर बुकमार्क के बहुप्रतीक्षित चौथे दिन की शुरुआत द फ्यूचर ऑफ बुक्स से हुई। जहां रीइमैजिनिंग नैरेटिव्स सत्र डेल्फनि क्लो, जोसेलिन अजोरिन-लारा और मायलीस वातेरिन ने स्वाति चोपड़ा के साथ संवाद किया। सत्र की शुरुआत फ्रेंच इंस्टिट्यूट इन इंडिया के निदेशक के संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने आधिकारिक रूप से फ्रेंच-इंडियन ईयर ऑफ इनोवेशन की घोषणा की। इसके बाद अधिकारों, नैतिकता और देशों के बीच साहित्यिक रिश्तों में लेखकों और पाठकों के सम्मान के महत्व पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मैट्रियोश्काज की प्रस्तुति रही, जो किताब से स्क्रीन तक रूपांतरण पर काम करने वाली टीम है। उन्होंने प्रकाशन और फिल्म निर्माण के बीच बदलते संबंधों पर रोशनी डाली। पैनल में एआई के आगमन और कहानी कहने पर उसके संभावित प्रभाव पर भी चर्चा हुई, जिसमें स्टूडियो जिब्ली का उदाहरण दिया गया और कॉपीराइट से जुड़ी चिंताओं पर बात की गई। वक्ताओं ने निष्कर्ष में कहा कि भले ही माध्यम बदलते रहें, कहानी की ताकत हमेशा बनी रहती है, और आने वाले कलाकारों में निवेश करना जरूरी है।

# कर्तव्य बोध दिवस गरिमामय रूप से संपन्न

सुरेन्द्र शर्मा




**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की प्रेरणा से राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले कर्तव्य बोध दिवस का आयोजन रविवार को सीकर-पिपराली उपशाखा द्वारा गरिमामय, अनुशासित एवं प्रेरणास्पद वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों में संगठनात्मक एकता, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्रबोध की भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। सीकर-पिपराली उपशाखा का कार्यक्रम एस. के. स्कूल, सीकर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चैतन्य प्रकाश सीकर विभाग प्रचारक ने अपने ओजस्वी एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में शिक्षक को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताते हुए कर्तव्य, अनुशासन, सामाजिक दायित्व एवं सांस्कृतिक चेतना के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षक का आचरण ही भावी पीढ़ी की दिशा, दृष्टि एवं संस्कारों का निर्धारण करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह शेखावत सीडीईओ ने अपने संबोधन में कहा कि जो हमें मिला है, उसके दायित्वों का ईमानदारी से पालन करना ही सच्चा कर्तव्य बोध है। उन्होंने शिक्षकों से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया तथा शिक्षक समाज को समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-शाखा अध्यक्ष अरुण कुमार महला ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने सभी मंचासीन अतिथियों, संगठन पदाधिकारियों एवं उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी संचालन अतिरिक्त जिला मंत्री सनत कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष कल्याण सिंह सहित लगभग 250 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की तथा संगठनात्मक एकता, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रबोध को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। प्रदेश सभाध्यक्ष संपत सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। अंततः कार्यक्रम राष्ट्रसेवा, शिक्षक गरिमा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## गौड़ ब्राह्मण सभा सोसायटी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 25 को

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण सभा सोसायटी, नोखा के नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन आगामी 25 जनवरी 2026, रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में रविवार को श्री प्रभाकर जी दीक्षित की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की सफलता हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

**नगरपालिका अध्यक्ष करेंगे उद्घाटन**-बैठक में निर्णय लिया गया कि नगरपालिका नोखा द्वारा निर्मित इस भवन का उद्घाटन दोपहर 2:00 बजे मुख्य अतिथि कन्हैयालाल झंवर एवं नगरपालिका अध्यक्ष नारायण झंवर के कर-कमलों द्वारा होगा। अध्यक्ष प्रभाकर दीक्षित ने बताया कि यह भवन समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

**बैठक में उपस्थित सदस्य**-इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित सदस्य शामिल हुए प्रभाकर दीक्षित अध्यक्ष, हरिकृष्ण शर्मा?, सुदर्शन कुमार मिश्रा, गजानन्द शर्मा, महेश शर्मा, मनीष गौड़, पवन कुमार महर्षि, जीवराज शर्मा, नरसी राम शर्मा, विनीत चौमाल, देवकिशन गौड़, मनोहरलाल गौड़, प्रताप दीक्षित, शंकरलाल गौड़, पुखराज गौड़, बजरंग लाल गौड़, पवन गौड़ मौजूद रहे।

**भजन संध्या एवं महाप्रसाद**-उद्घाटन समारोह के पश्चात शाम 4:00 बजे से श्री श्याम बाबा कीर्तन का आयोजन होगा। इसके पश्चात रात्रि 8:00 बजे से सामूहिक महाप्रसाद होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपस्थित सदस्यों को साफसफाई, टेंट, बिजली और भोजन व्यवस्था की विशेष जिम्मेदारियां दी गई हैं।

## सात महिलाओं के परिवारों को तुरंत मिले आर्थिक मदद : सांसद ओला

मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** बीकानेर-सीकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम हरसावा बड़ा फतेहपुर में एक विनाशकारी सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार की सात महिलाओं की मृत्यु के बाद तत्काल राहत और आर्थिक सहायता की मांग की है। दो अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हैं। सांसद ओला ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक पत्र लिखकर मृतकों के आश्रितों और घायलों को राज्य सरकार की ओर से आर्थिक सहायता प्रदान करने का आग्रह किया है।

### सांसद का पत्र और आग्रह

बृजेन्द्र सिंह ओला, जो झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद हैं, ने अपने पत्र में इस घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया है। ओला के मुताबिक, यह दुर्घटना उनके संसदीय क्षेत्र की फतेहपुर विधानसभा में घटी है। उन्होंने अपने पत्र में इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी मृतक एक ही परिवार से थीं, जिससे उस परिवार पर अपार दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा है, और वह गंभीर मानसिक आघात से गुजर रहा है। सांसद का मुख्य अनुरोध यह है कि राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने के लिए तुरंत आर्थिक सहायता जारी करे। यह दुर्घटना बीकानेर-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटी है, जो एक प्रमुख राजमार्ग है। इस घटना ने एक बार फिर इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर सुरक्षा के मुद्दे और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के सवाल खड़े कर दिए हैं। सांसद ओला ने अतीत में अपने क्षेत्र के विकास और सार्वजनिक हित के मुद्दों को संसद में उठाया है।



## मौनी अमावस्या पर नन्दियों के लिए लापसी की सवामणी बनाई

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा नगरपालिका द्वारा निर्मित व निराश्रित गोवंश सेवा समिति द्वारा संचालित रायसर रोड़ पर स्थित नन्दीशाला नोखा में माघ मास की मौनी अमावस्या के पुनीत अवसर पर नन्दीशाला नोखा में आज लापसी की सवामणी बनाकर नन्दियों को खिलाई गई। समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस मौके पर आज 55 सवामणी का सहयोग नन्दियों के लिये अलग-अलग दानदाताओं द्वारा किया गया। नन्दीसेवक झमकू देवी पत्नी करणीदान बोथरा परिवार द्वारा खल व चुरी व नन्दीसेवको द्वारा हरि सब्जियां व गुड़ नन्दियों को खिलाई गई।

अमावस्या के पावन अवसर पर आज नन्दीग्रास मासिक योजना के अंतर्गत भी अलग-अलग भामाशाहों द्वारा सहयोग प्राप्त हुवा व देवाराम कुलरिया परिवार द्वारा 1 पिक-अप चारा नन्दियो के लिए डलवाया गया व चम्पालाल किशोर कुमार चाण्डक परिवार द्वारा चुग्गा नन्दीशाला में पक्षियों के लिए डलवाया गया। इस अवसर पर निराश्रित गोवंश सिमिति द्वारा सभी भामाशाहो का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, पार्षद अंकित तोषनीवाल, मोहनलाल लखारा, बजरंग पालीवाल, शंकरलाल नाई, जयकिशन बागड़ी, निर्मल कुमार झंवर, ओमप्रकाश खीचड़, दिनेश हिंदुस्तानी, मनोज ओझा, ओमप्रकाश पारीक, बालकिशन राठी, सुरेश राठी, बंशीलाल खाती, भंवरलाल खाती, प्रेमरत्न चांडक, राजेश स्वामी, सुरेश स्वामी, मनफुल बिश्नोई, डॉ. रामरत्न बिश्नोई, नारायण लोहिया, मूलचंद तिवाड़ी, सुरेश राठी, दामोदर भार्गव, राजू रांका, कपिल गोड़ व मातृ शक्ति और नन्दी सेवक उपस्थित रहे। समिति के बजरंग पालीवाल ने बताया कि आज सभी उपस्थित सदस्यो द्वारा यह तय किया गया कि आगामी 1 फरवरी को श्री श्याम दीवाना संकीर्तन मण्डल द्वारा नन्दीशाला में भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन होगा।

# 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता

# प्रतिभागी टीमों का हुआ स्वागत

## गेंदबाजी का मैदान में पहला दस्तक आज से

मुहम्मद सादिक




**सीकर ( नवयत्न )।** देश की भावी क्रिकेट प्रतिभाओं को समर्पित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन को लेकर सभी तैयारियां चरम पर हैं। सोमवार 19 जनवरी को सुबह 10 बजे एसबीएस क्रिकेट एकेडमीए भैरूपुरा में होने वाला यह समारोह देश-प्रदेश के बड़े नेताओं और खेल प्रेमियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा।

### समारोह की प्रमुख जानकारी

**आयोजन :** 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता अंडर-14 बॉयज उद्घाटन समय: 19 जनवरी, सुबह 10:00 बजे मुख्य स्थल: एसबीएस क्रिकेट एकेडमीए भैरूपुरा, सीकर यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्कूल खेलों एनएसजी का हिस्सा है, जो स्कूल स्तर का सबसे बड़ा बहु-खेल आयोजन है और भारत के कई बड़े खिलाड़ियों के करियर की नींव रहा है। आयोजन समिति के अनुसार यह टूर्नामेंट सीकर को देश के खेल मानचित्र पर एक मजबूत पहचान दिलाएगा।

### प्रतिभागी टीमों का स्वागत

देशभर की टीमें सीकर पहुंच रही हैं। उदाहरण के लिए, जम्मू-कश्मीर की अंडर-14 टीम का चयन कड़ी उम्र जांच बोन टेस्ट के बाद हुआ है और वह 16 खिलाड़ियों के दल के साथ प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसी तरह अन्य राज्यों की टीमों का भी चयन सख्त मानकों के आधार पर हुआ है।

### समारोह में शामिल होने वाले गणमान्य अतिथि

**मुख्य अतिथि :** दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा कार्यक्रम अध्यक्ष: राजस्थान सरकार के नगरीय एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा विशिष्ट अतिथि: राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, पूर्व विधायक मंजीत धर्मपाल चौधरी, सीकर जिला क्रिकेट संघ के सचिव सुभाष जोशी, विधायक गोरधन वर्मा एवं सुभाष मील तथा मनोज महरिया आईपीएस।

### आखिरी चरण की तैयारियां

**टीमों का आगमन:** अब तक 21 टीमें सीकर पहुंच चुकी हैं, शेष 9 के आज रात्रि तक पहुंचने की संभावना है।

**बुनियादी व्यवस्थाएं:** खिलाड़ियों व अधिकारियों के रहने, खाने, आवागमन और सुरक्षा की सभी व्यवस्थाएं अंतिम रूप दे दी गई हैं।

**यूनिफॉर्म विमोचन:** अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी सज्जन सिंह व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में राजस्थान टीम की यूनिफॉर्म का विमोचन किया गया। अंतिम बैठक: उद्घाटन को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए प्रोटोकॉल, सुरक्षा और मीडिया समन्वय से जुड़ी एक महत्वपूर्ण बैठक भी आज आयोजित की जा रही है।

### दर्शकों के लिए जानकारी

उद्घाटन समारोह के बाद उद्घाटन मैच खेला जाएगा। सीकरवासी और क्रिकेट प्रेमी इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर सकते हैं। सभी मैच सुबह 10 बजे से शुरू होंगे। प्रतियोगिता में देश भर की 30 टीमें हिस्सा लेंगी।

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर होगा सवा लाख हनुमान चालीसा का महायज्ञ



सपना शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सीकर की धरा पर एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक आयोजन होने जा रहा है। 24 और 25 जनवरी को माधव सागर तालाब के पास स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में पहली बार सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ का महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी नरेश सैन ने दी।

### आयोजन के प्रमुख बिंदु

दो दिवसीय सवा लाख हनुमान चालीसा महायज्ञ। 24-25 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या)। स्थल- श्री बोलता बालाजी धाम, माधव सागर तालाब के पास, सीकर। मुख्य विशेषता- 511 विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक पाठ

### कार्यक्रम की विशेषताएं एवं अन्य आकर्षण

महा आरती- 1100 दीपों से बालाजी महाराज की आरती का भव्य दृश्य। संगीतमय प्रस्तुतियाँ- शेखावाटी के संतों के सानिध्य में भजन एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति। धार्मिक मार्गदर्शन- पंडित अश्विनी मिश्रा, पंडित मधुसूदन आसोपा और महंत सुनील तिवाड़ी का सानिध्य।

### पोस्टर विमोचन में शामिल हुए गणमान्य व्यक्ति

कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और दक्षिण मुखी बालाजी धाम हाथोज के पीठाधीश्वर विधायक बालमुकुंद आचार्य महाराज ने किया। इस अवसर पर बोलता बालाजी धाम के महंत सुनील तिवाड़ी, पंडित अश्विनी मिश्रा सहित आयोजन समिति के संयोजक सुशील मटोलिया, अनुभव जैन, रतन अग्रवाल काछवा, अमित चिरानिया, दयाल सिंह शेखावत, मुकेश खडोलिया, संजीव केजरीवाल, प्रकाश सिंधी, महेंद्र तोदी, संजय कुमावत, नरेश सैनी, विकास मोर आदि उपस्थित थे।

# कारपेंटर विकास समिति की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जांगिड़ छात्रावास सीकर में रविवार को कारपेंटर विकास समिति की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष ओमप्रकाश पिपराली की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कारपेंटर समाज की आने वाली चुनौतियों और संगठन को मजबूत करने के लिए अहम फैसले लिए गए। सर्वसम्मति से मजदूरी की नई दरें तय करने के अलावा, समिति ने अपने मूल उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया।

समिति ने तय किया कि उसका मुख्य ध्येय बढ़ई कारपेंटर समाज को संगठित कर उन्हें शिक्षा, रोजगार, तकनीक और सामाजिक सम्मान के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। कारपेंटर भाइयों का सर्वांगीण विकास युवाओं को आधुनिक तकनीकी कौशल से जोड़ना शिक्षा व स्वरोजगार को बढ़ावा देना समाज में एकता और जागरूकता पैदा करना परंपरागत कारीगरी को आधुनिक बाजार से जोड़ना। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करना व छात्रवृत्ति आधुनिक फर्नीचर डिजाइन, मशीन संचालन व डिजिटल मार्केटिंग प्रशिक्षण स्वरोजगार हेतु टूल-किट, ऋण मार्गदर्शन समाज के इतिहास व संस्कृति का संरक्षण नशामुक्ति, स्वच्छता व सामाजिक सुधार अभियान सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में सहायता आपदा या संकट में समाज के सदस्यों को सहयोग अध्यक्ष ओमप्रकाश पिपराली ने बताया कि इन लक्ष्यों के माध्यम से समिति कारपेंटर समाज को आत्मनिर्भर, शिक्षित और सम्मानित बनाना चाहती है। कार्यक्रम का संचालन राकेश जांगिड़ ने किया। इस ऐतिहासिक बैठक में समिति के संरक्षक, पदाधिकारी और क्षेत्र के अनेक कारपेंटर बंधु मौजूद रहे।

## पूर्व पार्षद झुमा देवी की पुण्यतिथि मनाई

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्री राम नदी गौशाला हांसपुर में पूर्व पार्षद स्व: झूमा देवी सैनी की दूसरी पुण्यतिथि पर गौशाला में गायों को हरा चाराए पत्ता गोभी, गाजर, टमाटर खिलाकर पार्षद के परिवार जनों ने पुण्यतिथि पर गायों को हरी सब्जियां खिलाकर पुष्पांजलि प्रदान की । इस अवसर पर परिवार जनों में दीनदयाल सैनी, ओम प्रकाश सैनी, भागीरथ सेनी, अरविंद सैनी, प्रकाश सैनी, महेंद्र सैनी, राजू बागवान, ओमप्रकाश प्रधान, पार्षद विनेश सैनी, सागरमल सैनी, कैलाश सैनी, कृष्ण सैनी, रतन सैनी, कमला देवी, बिमला देवी, विश्वनाथ शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) द्वारा कर्त्तव्य बोध दिवस आयोजित

निसं




**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** रविवार को राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा, सुजानगढ़ द्वारा राजकीय पीसीबी उमावि में स्वामी विवेकानन्द और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म दिवासवधि के मध्य पखवाड़े के दौरान कर्त्तव्य बोध दिवस का आयोजन पूर्ण उत्साह के साथ किया गया।

संघ के विभाग संठगन मंत्री रामेश्वर लाल खीचड़ ने अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन करने के साथ कार्यक्रम ही पृष्ठ भूमि पर प्रकाश डालते हुए शिक्षक के जीवन में समय की पाबन्दी के महत्व को रेखांकित किया। शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए रणजीत सिंह अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सुजानगढ़ ने शिक्षकों को तकनीकी रूप से अपडेट रहने की अपील की। मुख्य वक्ता एवं प्रबोधनकर्त्ता असिस्टेण्ट प्रोफेसर अनिता चेजारा ने ऐतिहासिक तथ्यों से लेकर समसामयिक तथ्यों के माध्यम से मेहनत और सच्चे शिक्षक को व्यक्ति के स्वविकास एवं देश के भविष्य के निर्माण का मूल आधार बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य कमला शर्मा ने शिक्षक होने पर गर्व की अनुभूति करते हुए पूर्ण मनोयोग से शिक्षण कार्य करने पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि रणवीर सिंह महरिया ने समाज में फैली राजनैतिक वैमनस्यता को दूर करने के लिए संस्कारित शिक्षा को रेखांकित करते हुए कर्त्तव्य बोध दिवस का आयोजन शिक्षा विभागीय स्तर पर किए जाने सुझाव दिया। प्राचार्य धर्मसिंह मीणा द्वारा शिक्षको का आह्वान करते शिक्षकों से विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट एवं डिजिटल स्कैम से सावधान रखने की वर्तमान समय की आवश्यकता बताई। प्रधानाचार्य रामावतार शर्मा ने शिक्षकों से शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर नवाचार करने हेतु प्रेरित किया।

सेवानिवृत उप-प्राचार्य परमानन्द मिश्रा ने अपनी स्वलिखित कविता के माध्यम से स्वामी विवेकानन्द और नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन को शिक्षकों के लिए प्रेरक बताया। प्राचार्य कमलेश सिंघल ने भी शिक्षकों को अपने सामाजिक जीवन में चरित्र की स्वच्छता बनाये रखने पर बल दिया। इस अवसर पर उपशाखा अध्यक्ष कमल जाखड़, कमल स्वामी, अशोक कुमार, अभिषेक चौधरी, गौतम सिंह, राजेन्द्र कुमार देवल, प्रकाश कस्वां, व्याख्याता मोहिनी, रंजन अत्रि, गौतम सिंह, रामगोपाल शर्मा, रमेश मेघवाल, रमेश कुमार भानीसरिया, विद्याधर मेघवाल, पूनम चन्द सारस्वत, सन्तोष कुमार, राजेन्द्र डोंगीवाल, सुनील शर्मा, अजय सैनिक, मेहताब सिंह, राजकुमार शर्मा, मनोज कड़वासरा, रूघाराम, अनिल कुमार, राहुल बुगालिया, मनोज छरंग, बजरंगलाल प्रजापत, रामलाल कासौटिया, प्रेमचन्द फलवाड़िया, मोतीलाल, धर्मपाल लाम्बा, अनिल लाम्बा, अब्दुल सत्तार पड़िहार, धनराज सिंगोदिया, अशोक कुमार, जीवणदान, जगदीश प्रसाद सेन, बसन्त चौधरी सहित अनेक शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उपशाखा सभा अध्यक्ष मदनलाल गुर्जर द्वारा ने करते हुए अपनी कविता मंजिल-मंजिल के माध्यम से शिक्षकों को कर्त्तव्य पालन में आने वाली चुनौतियों से विचलित न होने का सन्देश दिया। संघ उपशाखा मंत्री मनोज शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## विशाल रक्तदान शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद सीकर शाखा की ओर से बद्री विहार में रविवार को एक भव्य एवं सफल विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परिषद सदस्यों के साथ-साथ सीकर नगर, आसपास के क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों से आए रक्तवीरों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन कर राष्ट्रभक्ति एवं सेवा भाव को सशक्त किया। परिषद के आईटी एवं मीडिया संयोजक सुदीप गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के मुख्य अतिथि सीकर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. अशोक महरिया रहे, जिनका परिषद की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। परिषद अध्यक्ष कमल बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि श्रक्तदान जैसे सेवा कार्य तभी सार्थक होते हैं, जब उन्हें निरंतरता के साथ आयोजित किया जाए। भारत विकास परिषद समाज सेवा के इन कार्यों को आगे भी पूरी निष्ठा से करती रहेगी। इस विशाल रक्तदान शिविर में कुल 101 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। शिविर के सफल संचालन में कोषाध्यक्ष शुभम मोदी, प्रकल्प प्रमुख सीए महेंद्र जालान, सह-प्रकल्प प्रमुख चिरंजी लाल सैनी एवं सीए उदेश घासोलिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सचिव सीए अभिषेक सोनी ने सभी अतिथियों, चिकित्सकीय टीम एवं रक्तवीरों का आभार व्यक्त किया। सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिषद के सदस्यों ने स्वयं व उनके परिजनों ने भी रक्तदान में बढ़चढ़कर भाग लिया।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आज

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार 19 जनवरी को जिले के चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाएगा। चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उनको गर्भावस्था में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही मॉ वाउचर योजना के तहत द्वितीय व तृतीय तिमाही वाली गर्भवती को नि:शुल्क सोनोग्राफी करवाने के लिए कूपन दिए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने के लिए विभाग की ओर से प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख को जिले के सभी सरकारी चिकित्सालयों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस मनाया जाता है लेकिन 18 जनवरी का रविवार को राजकीय अवकाश होने के कारण आगामी कार्य दिवस 19 जनवरी को दिवस मनाया जाएगा। जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं को शिशु स्वस्थ हो और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह ने बताया कि चिकित्सालयों में गर्भवती की हिमोग्लोबिन, एचआईवी, सिफलिस, ब्लड प्रेशर, तापमान की जांच, हृदय स्पंदन व प्रसव से संबंधित जटिलताओं की जांच की जाएगी। साथ विभाग के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की एलएमपी तारीख के अनुसार द्वितीय या तीसरी तिमाही वाली महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए मॉ वाउचर योजना के तहत कूपन दिए जाएंगे ताकि कूपन के माध्यम से गर्भवती महिला विभाग के अधिकृत किसी भी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर अपनी सोनोग्राफी नि:शुल्क करवा सके।

## द इन्फ्लुएंसर लीग जयपुर एडिशन 1.0 का आगाज 25 जनवरी से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** डिजिटल युग में महिलाएं आज केवल दर्शक नहीं, बल्कि बदलाव की अग्रदूत बन रही हैं। अपनी सोच, हुनर और आत्मविश्वास के दम पर वे सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नई पहचान बना रही हैं। इसी महिला सशक्तिकरण की सोच को मजबूती देने के उद्देश्य से द इन्फ्लुएंसर लीग-जयपुर एडिशन 1.0 का स्थापना किया गया ये कहना था इस सशक्त पहल के संस्थापक गगन जैन का। यह आयोजन 25 जनवरी से 5 फरवरी 2026 तक होने जा रहा है। यह विशेष लीग उन महिलाओं के लिए है, जो अपने सपनों को उड़ान देना चाहती हैं। लेकिन फॉलोअर्स की संख्या, संसाधनों या सही मार्गदर्शन के अभाव में पीछे रह जाती हैं। इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें भाग लेने के लिए फॉलोअर्स की संख्या के लिए कोई नियम नहीं रखा गया है। केवल 30 महिलाओं को इस लीग में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। मेरा मानना है कि महिला सशक्तिकरण की असली शुरुआत विश्वास से होती है। हर महिला के भीतर कुछ खास होता है। जरूरत है तो बस ऐसे मंच कीए जो उस पर भरोसा करे और आगे बढ़ने का अवसर दे। टीबीजेड दृ द ओरिजिनल, जयपुर के सहयोग से आयोजित यह लीग महिलाओं को डिजिटल स्पेस में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। लीग के समापन पर दो विजेताओं को टीबीजेड-द ओरिजिनल, जयपुर का फेस बनने का अवसर 50 हजार की ब्रांड डील तथा रेडियो और प्रेस कवरेज के माध्यम से व्यापक पहचान प्रदान की जाएगी। इसके अलावा चयनित सभी प्रतिभागियों को आधिकारिक सर्टिफिकेट, एक एक्सक्लूसिव गुडी बैग और प्रतिष्ठित ब्रांड के साथ काम करने का व्यावहारिक अनुभव भी मिलेगा।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में सत्ता, न्याय और डिजिटल भविष्य पर वैश्विक विमर्श

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** वेदांता द्वारा प्रस्तुत जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के चौथे दिन भी गंभीर चर्चाओं और व्यापक संवाद की श्रृंखला जारी रही। साहित्य, राजनीति, कानून और तकनीक से जुड़ी प्रमुख आवाज़ें एक साथ आई और सत्ता, न्याय, नेतृत्व तथा उन कहानियों पर विचार कियाए जो हमारी दुनिया को आकार देती हैं। कॉमेडियन और अभिनेता वीर दास के साथ एक बहुप्रतीक्षित सत्र हुआ, जिसमें विभिन्न विषयों पर रोचक बातचीत ने भरे हुए सभागार को बाँधे रखा। दास ने दुख के बारे में बोलते हुए इसे पूरी तरह साँस न ले पाने की स्थिति बताया और कहा कि जब कोई व्यक्ति, जो पहले हमारे बाहर था, हमारे भीतर बसने लगता है, तो उसकी कमी शरीर और मन को कैसे बदल देती है। उन्होंने उस रात की एक घटना भी साझा की, जब उन्होंने एमी पुरस्कार जीता था। हाथ में एमी थामे हुए उन्होंने शिकागो में बर्तन धोने से लेकर मनोरंजन जगत के सबसे बड़े सम्मानों में से एक पाने तक की अपनी यात्रा को याद किया। प्रसिद्ध उपन्यासकार रिचर्ड फ़्लैनगन ने टिम एडम्स के साथ बातचीत में पर्यावरणीय संकट, राजनीतिक उथल-पुथल और विवादित इतिहासों के दौर में साहित्य की नैतिक जरूरत पर विचार किया। फ्लैनगन ने गवाही देने और कहानी कहने के जरिए आत्मसंतोष को चुनौती देने में लेखक की ज़िम्मेदारी पर बात की। फ्लैनगन की किताब स्मृति, विज्ञान और इतिहास के रचनात्मक मेल के जरिए निजी इतिहास को वैश्विक घटनाओं से जोड़ती है। उन्होंने बताया कि अतीत और उसके चारों ओर बुनी गई कथाएँ व्यक्तिगत जीवन को कैसे आकार देती हैं। फ्लैनगन ने स्मृति की अवधारणा पर भी बात की और मजाकिया अंदाज़ में कहा कि स्मृति हमेशा गवाही का कार्य नहीं होतीए बल्कि कई बार रचना का कार्य होती है। रशिया, यूक्रेन एंड द यूरोपियन स्टोरी सत्र में पोलैंड के पूर्व विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की ने नवतेज सरना के साथ यूरोप की राजनीतिक दिक्कतों का तीखा विश्लेषण किया। चर्चा में यूक्रेन युद्ध, रूस की भू-राजनीतिक महत्वाकांक्षाएँ और यूरोपीय एकता व वैश्विक सुरक्षा के भविष्य पर बात हुई। आयरलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री लियो वराडकर स्पीकिंग माइ माइंड सत्र में जॉर्जिना गॉडविन के साथ संवाद में शामिल हुए। केविन केली द्वारा प्रस्तुत और भारत में आयरलैंड दूतावास तथा कल्चर आयरलैंड के सहयोग से आयोजित इस सत्र में सार्वजनिक जीवन, राजनीतिक नेतृत्व और सरकार में निर्णय लेने को आकार देने वाले निजी विश्वासों पर खुलकर चर्चा हुई।

दिन की सबसे महत्वपूर्ण बातचीतों में से एक आइडियाज ऑफजस्टिस रही, जिसमें भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने वीर सांघवी के साथ संवाद किया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने संवैधानिक नैतिकता, न्यायिक स्वतंत्रता और विविध तथा लोकतांत्रिक समाज में न्याय के बदलते अर्थ पर बात की। अपनी पुस्तक व्हाय द कॉन्स्टिट्यूशन मैटर्स के संदर्भ में चर्चा करते हुए उन्होंने संवैधानिक लोकतंत्र में न्याय के वास्तविक अर्थ को समझाया। उन्होंने जोर दिया कि न्याय कोई अमूर्त अवधारणा नहीं बल्कि पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही में रचा-बसा एक जीवंत अनुभव है।

उन्होंने संविधान को समाज को जोड़ने वाला कॉमन स्टोन बताया और बताया कि कैसे अदालतों ने इसके दायरे में गरिमा, स्वतंत्रता और त्वरित न्याय के अधिकार को शामिल किया है। दिस इज़ फ़ॉर एवरीवन सत्र में इंटरनेट का भविष्य चर्चा के केंद्र में रहा, जिसे एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड ने प्रस्तुत किया। वर्ल्ड वाइड वेब के आविष्कारक सर टिम बर्नर्स-ली ने जॉर्जिना गॉडविन के साथ डिजिटल अधिकारों, विकेंद्रीकरण और वेब को एक सार्वजनिक संपदा के रूप में सुरक्षित रखने की ज़रूरत पर चर्चा की। चौथे दिन की समाप्ति के साथ ही जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने एक बार फिर विचारों के वैश्विक मंच के रूप में अपनी भूमिका को रेखांकित किया, जहाँ साहित्य, राजनीति, क़ानून और तकनीक एक साथ आकर वर्तमान की पड़ताल करते हैं और अधिक न्यायपूर्ण व समावेशी भविष्य की कल्पना करते हैं।

## जरुरतमंद परिवार के 200 बालकों को गर्म वस्त्र वितरित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** श्री जगन्नाथ कंदोई बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, तारानगर में रविवार को एक प्रयास टीम की प्रेरणा से सेवा एवं संस्कार का प्रेरणादायी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। स्वर्गीय भवानी शंकर सरावगी पुत्र स्व. महादेव लाल सरावगी की स्मृति में उनके सुपुत्र अंजनी सरावगी एवं धर्मपत्नी शारदा सरावगी द्वारा तारानगर संकुल में संचालित सात संस्कार केन्द्रों के लगभग 200 भैया-बहिनों को गर्म वस्त्र वितरित किए गए तथा अल्पाहार भी करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कोषाध्यक्ष विकास चाचाण ने संस्कार केन्द्रों की आवश्यकता, उनके उद्देश्य एवं विद्या भारती के कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संस्कार केन्द्र भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य दया कंवर ने किया, जबकि प्रस्तावना पूर्व छात्र नितिन सगतानी ने रखी। कोषाध्यक्ष श्रवण कुमार सरावगी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर भामाशाह महेन्द्र सरावगी पुत्र ओंकारमल सरावगी, सरावगी स्वीट्स, तारानगर द्वारा विद्यालय के माध्यम से एक वर्ष के लिए एक संस्कार केन्द्र गोद लेने एवं भोपा बस्ती में संचालित संस्कार केन्द्र हेतु बड़े आकार के टीनशैड निर्माण की घोषणा की गई व इन्हीं की प्रेरणा से भामाशाह सुरेश चौधरी द्वारा विद्यालय की कम्प्यूटर लैब में 21 कुर्सी भेंट की भी घोषणा की गई। इस सेवा भाव की सभी उपस्थितजनों ने सराहना की। इस अवसर पर विद्यालय व्यवस्थापक दयानंद स्वामी, भामाशाह परिवार शिव कुमार सरावगी, दीनदयाल सरावगी, सोनू गोयल, पवन जैन भाया, पवन संगतानी, राजेश सगतानी, गौरव सरावगी, पार्षद हरि इंदोरिया, पवन बंसल, अंजनी कुमार चाचाण, ममता सरावगी, सुलोचना स्वामी, अर्पिता अग्रवाल, सुनीता दनेवा, विपिन सरावगी, राजीव सोनी, किशोर सरावगी, लिलाधर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल व समस्त स्टाफ सेवा बस्ती से अभिभावक गण और भैया बहिन उपस्थित रहे।

## एक ही परिवार की सात महिलाओं की मौत पर दी श्रद्धांजलि



मुहम्मद सादिक

**सीकर ( नवयत्न )।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में रविवार को हरसावा रोड पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार की सात महिलाओं की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। इस दुखद घटना के बाद सोमवार को स्थानीय धानुका अस्पताल के सामने गढ़वाल शक्ति धाम में एक शोक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने शोकाकुल परिवार के प्रति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा में उपस्थित लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करे और शोकाकुल परिवारों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस अवसर पर भाजपा नेता और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मधु सुदन भिंडा सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ अपनी एकजुटता जताई और शांति व संयम बनाए रखने की अपील की। इस हादसे ने पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है, लोगों ने सड़क सुरक्षा पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया है।

## नेक सोच फाउंडेशन की कमेटी गठित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नेक सोच फाउंडेशन की मीटिंग हरिराम सैनी की अध्यक्षता में बिजली बोर्ड बालाजी मंदिर प्रांगण में किया गया जिसमें 21 सदस्यीय कमेटी का निर्वाचन सर्व सम्मति से हुआ। सर्वसम्मति से अध्यक्ष बेगराज सैनी, महासचिव हनुमान सामोता, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, कृष्ण मुंड, संयुक्त सचिव बजरंग शर्मा, गुरूदीप बुंदेला, कोषाध्यक्ष राजाराम गोदारा तथा हरिराम सैनी, हेमराज इशरान, कृष्ण कालेर, अशोक शर्मा, विकास भाकर, सतीश बुंदेला, कुंदन सैनी, रवि टीटान, जगदीश खेतलान, राधाकृष्ण पचार, अमित बुंदेला चंद्रभान बुंदेला आदि को सदस्य चुना गया। हनुमान सामोता ने बताया की नेक सोच फाउंडेशन द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर आयोजन, जरूरतमंदों के लिए रक्त की व्यवस्था करवाने, रक्तदान और सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु युवाओं को जागरूक करने, सामाजिक समस्याओं चिकित्सा, सड़क, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किए जायेंगे। फाउंडेशन के सतीश बुंदेला इटली द्वारा नेक सोच फाउंडेशन के लिए ऑफिस बनाकर देने की घोषणा की गई।

# बिना पट्टों की भूमियों की चिंता हुई दूर, साहुकारान व ठाकर के दरमियान का मिला अहम फैसला

निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के नागरिकों की भूमियों के दस्तावेजों को लेकर जो चिंता थी तथा उक्त परेशानी का फायदा उठाकर कुछ व्यक्तियों व राजकाज के अधिकारियों द्वारा डरा धमकाकर जो आर्थिक और मानसिक परेशानियां उत्पन्न की जाती थी, इसमें अब नया मोड़ आ गया है। इसको लेकर एक फैसले की प्रति सामने आई है। फैसला पत्र के अनुसार साहुकारन व ठाकुर बहादुर सिंह पट्टेदार के दरमियान सम्वत 1936 मिति आसोज दूजा सूदी तीज को मुकदमा नंबर-94 रजु 02/05/1879 फैसला 17/10/1879 पृथ्वीराज, मेघराज वगैरह साहुकारन साकीन बीदासर तामिल 16 कलम मुंफसल पंचान सिंगा नंबरी माल महकमा के पाना नंबर 28 पर दर्ज है। फैसला पत्र के अनुसार सम्वत 1915 साल ताई जमी पट्टा री वा बिना पट्टा री साहुकारों रे कब्जे में छैः सू कब्जे में रे सी। उनमें खुशी आसी ज्यो साहुकार पक्की वरशाली कमरा, जाली, बारी, झरोखा बलपडता करा सी। वहीं फैसले के बिंदु संख्या-02 के अनुसार वो ये है कि बीदासर में नोहरा व बाड़ा रे कागज बाबत सम्वत 1915 साल सू पहले जकी साहुकारन रे कब्जे में छेरू, जिकेरी सनद छेरू वा न छैः विको कोई झूठा कर अडचन करें नहीं। उक्त फैसला निदेशक राजस्थान राज्य अभिलेखागार बीकानेर में सुरक्षित है।



गौरतलब है कि प्रशासन द्वारा भूमि की दस्तावेजों की चैन को लेकर बाध्यताएं डाली जाती है उसमें कस्बेवासियों को आर्थिक और मानसिक पीडा का शिकार होना पडता है इसमें यह फैसला सहायक होगा। अब भी राजकाज नहीं माने तो कस्बेवासी न्यायालय के दरवाजे खटखटाने के लिए स्वतंत्र है। उक्त फैसले की छाया प्रति पूर्व पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश बैंगानी के पास भी मौजूद है।

## विश्वकर्मा बोर्ड अध्यक्ष का किया सम्मान



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा, सीकर जिला इकाई के कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर एक दिवसीय दौरे पर पधारे राजस्थान सरकार के विश्वकर्मा कौशल कला विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार का भाजपा नेता भंवरलाल जांगिड़ ने पारंपरिक रूप से दुपट्टा पहनाकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया। यह सम्मान समारोह में उपस्थित समाज बंधुओं की मौजूदगी में दिया गया।

इस कार्यक्रम में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण की और समाज के विकास एवं संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की गई।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मंडेलिया का गौसेवा कर मनाया जन्मदिन



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मंडेलिया का जन्म दिवस गौ सेवा के साथ सांवरिया गौ भक्त मंडल, गौ सेवा पिंजरापोल समिति व सर्व समाज द्वारा पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर रफीक मंडेलिया का पदाधिकारीयों व सदस्यों ने साफा, कंठहार व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। मंडेलिया ने इस अवसर पर कहा कि मंदेरिया ने मैं राजनीति चूरू से करता हूं लेकिन मेरा मन रतनगढ़ की जनता के साथ है, क्योंकि यह मेरी जन्मभूमि है। मैंने रतनगढ़ की जनता की आवाज पर हर सेवा के साथ उनके साथ खड़ा रहूंगा। मुझे खुशी हुई कि मेरा जन्मदिन गौ सेवा के साथ आप लोगों ने मनाया। वही मंडेलिया ने कहा कि इस बार दीपावली पर सजावट नहीं होने से मेरा मन विचलित रहा। मैंने व्यापारियों से वादा किया है कि अगली बार दीपावली पर मुख्य बाजार प्रमुख रूप से सजे उनकी व्यवस्था में से करूंगा इसमें अगर सहयोग आप भी करें तो मुझे अति प्रसन्नता होगी। आयोजित कार्यक्रम को कांग्रेस नेता हैमन्त सारस्वत, सुशील गौड़, कुलदीप चौधरी, पार्षद गौपाल चौधरी, सुरेन्द्र इन्दोरिया, अंजनी चोटिया सहित कई वक्ताओं ने सम्बोधित करते सेवा कार्य के लिए रफीक मंडेलिया का आभार व्यक्त करते हुए जन्म दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर गायों को गुड़, हरा चारा व लापसी खिलाई गई। गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों को गर्म कम्बल वितरण की गई। कार्यक्रम का मंचिय संचालन राजेश गहलोत ने किया। कार्यक्रम में वेदप्रकाश पंवार, ईसराद मंडेलिया, अनील जीतू योत, जसकरण गौड़, मैनुद्दीन, असगर, अरुण रामगढ़िया, ललीत चौधरी, अमीत चौधरी, साबीर मौहम्मद, मनीष मैघवाल, अनील भरतिया, मनोज सोनी सहित कई गणमान्यजन उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190